पर्यटन शब्द की परिभाषा दीजिए एवं यात्रा और पर्यटन में अन्तर समझाइए ।

3. Discuss the history of pleasure Travel in India.

भारत में प्लेजर ट्रेवेल के इतिहास की व्याख्या कीजिए ।

*Unit-II*

**इकाई–II** 7½

4. Discuss the role of motivators in tourism.

पर्यटन में पर्यटक उत्प्रेरकों की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।





5. Write short notes on the following :

(i) Passport

(ii) Travel Insurance.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) पारपत्र

(ii) यात्रा बीमा ।

*Unit-III*

**इकाई–III** 7½

6. Discuss the social and cultural impacts of tourism.

पर्यटन के सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव की विवेचना कीजिए ।

7. How tourism affect environment ? Discuss .

पर्यटन पर्यावरण को किस प्रकार प्रभवित करता है ? विवेचना कीजिए ।

*Unit-IV*

**इकाई–IV** 7½

8. Write short notes on the following :

(i) I.A.T.A.

(ii) I.T.D.L.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) आई.ए.टी.ए.

(ii) आई.टी.डी.एल. ।

9. Give the detail of organizational development of tourism industry in India.

भारत में पर्यटन उद्योग के संस्थागत विकास की सविस्तार व्याख्या कीजिए ।

A

# A-178

## B. A. (Part II) Examination, 2013

## TOURISM & TRAVEL MANAGEMENT

### First Paper

### (Management Concepts)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 50*

*Note* : Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt *one* question from each Units I, II, III and IV.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है । प्रत्येक इकाई I, II, III एवं IV से **एक** प्रश्न कीजिए ।

1. Write short notes on the following : 4×5=20

   (i) Management

   (ii) Travel motivation

(iii) H.R.M.

(iv) Target market

(v) Tourism accounting.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) प्रबंधन

(ii) यात्रा उत्प्रेरक

(iii) एच.आर.एम.

(iv) लक्षित बाजार

(v) पर्यटन एकाउटिंग।

*Unit-I*

**इकाई-I** 7½

2. Explain the types of motivation. What is the role of tourism?

उत्प्रेरक की विवेचना कीजिए। इसकी पर्यटन में क्या भूमिका है?





3. What is the nature of tourism management? Discuss.

पर्यटन प्रबंधन की क्या प्रकृति है? व्याख्या कीजिए।

*Unit-II*

**इकाई-II** 7½

4. Discuss in detail HRM as a tourism resources?

पर्यटन में एच.आर.एम. प्रबंधन की संसाधन के रूप में व्याख्या कीजिए।

5. What is the importance of training in tourism? Discuss.

पर्यटन में ट्रेनिंग का क्या महत्व है? व्याख्या कीजिए।

*Unit-III*

**इकाई-III** 7½

6. Explain the tourism marketing in detail.

पर्यटन विपणन की सविस्तार व्याख्या कीजिए।

7. What is 7 P's in tourism marketing mix? Discuss.

पर्यटन विपणन में 7 P's मिक्स क्या है? व्याख्या कीजिए।

*Unit-IV*

**इकाई–IV** 7½

8. Explain the types of Finance.

वित्त कितने प्रकार का होता है ।

9. Write short notes on the following :

(i) Forex

(ii) Tourism financial planning.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) फोरेक्स

(ii) पर्यटन वित्तीय योजना ।

A

# A-179

## B. A. (Part II) Examination, 2013

### TOURISM & TRAVEL MANAGEMENT

**Second Paper**

**(Travel Business and Management)**

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 50*

*Note :* Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Apart from that attempt *one* question from each Unit.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है । इसके अतिरिक्त प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न कीजिए ।

1. Write short notes on the following : 5×4=20

   (i) Travel concept

   (ii) Present trends of travel

(iii) UFTAA

(iv) Domestic tour operators

(v) Lucknow.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) यात्रा अवधारणा

(ii) वर्तमान यात्रा चलन

(iii) यू.एफ.टी.ए.ए.

(iv) स्थानीय पर्यटन अभिकर्त्ता

(v) लखनऊ ।

*Unit-I*

**इकाई-I** 7½

2. Explain the Travel Business of India. What is the role of Air Travel in Tourism ?

भारत में पर्यटन व्यवसाय की व्याख्या कीजिए । पर्यटन में वायु यात्रा की क्या भूमिका है ?

3. What is water travel ? Discuss.

जल यात्रा क्या है ? विवेचना कीजिए ।





*Unit-II*

**इकाई-II** 7½

4. What is TAFI ? Discuss.

टी०ए०एफ०आई० क्या है ? व्याख्या कीजिए ।

5. Explain the function at travel agency. Discuss.

ट्रेवेल एजेन्सी के कार्य क्या हैं ? विवेचना कीजिए ।

*Unit-III*

**इकाई-III** 7½

6. What do you understand by tour operator ? What types of tour operators exist ?

टूर आपरेटर से आप क्या समझते हैं ? टूर आपरेटर कितने प्रकार के होते हैं ?

7. What is ADTOI ? Discuss.

ए०डी०टी०ओ०आई० क्या है ? विवेचना कीजिए ।

*Unit-IV*

**इकाई-IV** 7½

8. Explain the Jain circuits of U.P.

उ०प्र० के जैन सर्किट की व्याख्या कीजिए ।

9. Write short nots on the following :

   (i) Ayodhya

   (ii) Bihar.

   निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

   (i) अयोध्या

   (ii) बिहार ।

A

# A-180

## B. A. (Part III) Examination, 2013

**Tourism & Travel Management (T.T.M.)**

**First Paper**

**(Research Methodology)**

**(TTM : 301)**

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 50*

*Note :* Question No. 1 is compulsory and carries 20 marks. Attempt *one* question from each Unit and these carry 7½ marks each.

प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है, और इसके 20 अंक हैं । प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न करना है जो प्रत्येक 7½ अंकों का है ।

1. Write short notes on the following : 5×4=20
   - (i) Meaning of research
   - (ii) Motivation in research
   - (iii) Interview
   - (iv) Questionnaire
   - (v) P.P.T.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) अनुसंधान का अर्थ

(ii) अनुसंधान में उत्प्रेरणा

(iii) साक्षात्कार

(iv) प्रश्नावली

(v) पी.पी.टी. ।

*Unit-I*

**इकाई-I** 7½

2. Explain the characteristics of Tourism Research.

पर्यटन अनुसंधान की विशेषताओं की विवेचना कीजिए ।

3. Elaborate the types of research.

अनुसंधान के प्रकारों की विस्तृत व्याख्या कीजिए ।

*Unit-II*

**इकाई-II** 7½

4. Discuss the concept of research design.

अनुसंधान प्रारूप की अवधारणा की विवेचना कीजिए ।





5. Write short notes on the following :

(i) Historical Research

(ii) Field Research.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) ऐतिहासिक अनुसंधान

(ii) क्षेत्रीय अनुसंधान ।

*Unit-III*

**इकाई-III** 7½

6. What is Project Proposals ? Discuss.

योजना प्रस्तुतीकरण क्या है ? विवेचना कीजिए ।

7. Explain the objective of thises.

शोध के उद्देश्यों की व्याख्या कीजिए ।

*Unit-IV*

**इकाई-IV** 7½

8. Write short notes on the following :

(i) Group discussion

(ii) Environment.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) सामूहिक वार्तालाप

(ii) वातावरण ।

9. What is body language ? Discuss.

शारीरिक भाषा क्या है ? व्याख्या कीजिए ।

A

# A-181

## B. A. (Part III) Examination, 2013

### Tourism & Travel Management (TTM)

### Second Paper

### (Tourism Operations & Reservation Systems)

### (TTM : 302)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 50*

*Note :* Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt *one* question from each Unit I, II, III and IV.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है । प्रत्येक इकाई I, II, III एवं IV से **एक-एक** प्रश्न कीजिए ।

1. Write short notes on the following : 5×4=20

   (i) Use of multimedia in tourism

   (ii) Palace on wheels

   (iii) Cruise transport

   (iv) EP

   (v) GDS.

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) पर्यटन में मल्टीमीडिया का प्रयोग

(ii) पैलेस ऑन व्हील

(iii) क्रूज परिवहन

(iv) ई० पी०

(v) जी०डी०एस० ।

*Unit-I*

**इकाई-I** 7½

2. Discuss the growth and importance of online travel agencies in modern tourism business.

आधुनिक पर्यटन उद्योग में ऑन लाइन पर्यटन एजेन्सियों के विकास एवं महत्व की विवेचना कीजिए ।

3. Explain the concept of 'Destination Marketing in Tourism'.

पर्यटन में गन्तव्य विपणन की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए ।





*Unit-II*

**इकाई-II** 7½

4. Discuss the role of railways as mode of surface transport in tourism.

पर्यटन में भूमिपरिवहन के रूप में रेलवे की भूमिका की व्याख्या कीजिए ।

5. Growth of tourism business depends on the growth of civil aviation, How ? Explain.

पर्यटन व्यवसाय का विकास नागरिक उड्डयन के विकास पर अवलम्बित हैं । किस प्रकार ? स्पष्ट कीजिए ।

*Unit-III*

**इकाई-III** 7½

6. How FOREX is directly related to the growth of tourism industry ? Explain.

विदेशी मुद्रा किस प्रकार पर्यटन उद्योग के विकास से सीधे सम्बन्धित है ? स्पष्ट कीजिए ।

7. How CRS is helpful in accommodation management or Hotel Booking ? Explain.

अस्थाई आवास प्रबन्धन अथवा होटल कक्ष आरक्षण में CRS किस प्रकार सहायक है ? स्पष्ट कीजिए ।

*Unit-IV*

**इकाई-IV** 7½

8. Write short notes on the following :
   (i) World Span
   (ii) Economy Class.

   निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :
   (i) वर्ल्ड स्पान
   (ii) साधारण कोटि ।

9. Write short notes on the following :
   (i) Valid visa
   (ii) Valid health document.

   निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :
   (i) वैध वीजा
   (ii) वैध स्वास्थ्य दस्तावेज ।

A

# A-182

## बी० ए० (प्रथम) परीक्षा, 2013

(रेगुलर एवं एक्जेम्पटेड)

हिन्दी

प्रथम प्रश्न-पत्र

(मध्ययुगीन काव्य)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । इनमें से प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । इसके अतिरिक्त चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : $2 \times 10 = 20$

(क) 'साखी' से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए ।

(ख) प्रेमाश्रयी शाखा के चार कवियों के नाम लिखिए।

(ग) तुलसी और सूर की भक्ति में मुख्य अन्तर क्या है ?

(घ) रीतिकाल के अन्य नामों का उल्लेख कीजिए।

(ङ) बिहारी के एक नीतिपरक दोहे का अर्थ लिखकर उसका आशय स्पष्ट कीजिए।

(च) लक्षण ग्रंथ से क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिए।

(छ) तुलसीदास की चार रचनाओं के नाम लिखिए।

(ज) अष्टछाप के चार कवियों के नाम लिखिए।

(झ) भूषण के काव्य में किस रस की प्रधानता है ?

(ञ) 'दृग उरझत' टूटत कुटुम, जुरत चतुर चित प्रीति'–का आशय स्पष्ट कीजिए।





### इकाई-एक

2. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4×2=8

(क) भगति भजन हरि नाँव है, दूजा दुक्ख अपार।
मनसा बाचा क्रमनाँ, कबीर सुमिरण सार ।।
कबीर सो धन संचिए, जो आगैं कूँ होइ।
सीस चढ़ाए पोटली, ले जात न देख्या कोइ ।।

(ख) बरनौं माँग सीस उपराहीं। सेंदुर अबहि चढ़ा जेहि नाहीं ।।
बिनु सेंदुर अस जानहु दीआ। उजियर पंथ रैनि महँ कीआ ।।
कंचन रेख कसौटी कसी। जनु धन महँ दामिनी परगसी ।।
सुरूज-किरिन जनु जगन विरोखी। जमुना माँह सुरसती देखी।

3. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4×2=8

(ग) मधुबन तुम क्यौं रहत हरे।
बिरह-बियोग स्यामसुन्दर के, ठाढ़े क्यौं न जरे।
मोहन बेनु बजावत द्रुम तर, साखा टेकि खरे।

मोहे थावर अरु जड़-जंगम, मुनि जन ध्यान टरे।

वह चितवनि तू मन न धरत है, फिरि फिरि पुहुप धरे।

सुरदास प्रभु बिरह-दवानल, नख सिख लौं न जरै।।

(घ) रावरे दोष न पायँन को, पगधूरि को भूरि प्रभाउ महा है।

पाहन तें बन-बाहन काठ को कोमल है, जल खाइ रहा है।

पावन पायँ परवारि कै नाव चढाइहौं, आयसु होत कहा है।

तुलसी सुनि केवट के बर बैन, हँसे प्रभु जानकी ओर हहा है।

## इकाई-दो

4. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4×2=8

(अ) जपमाला, छापै, तिलक सरै न एकौ कामु।

मन-काँचै नाचै वथा, साँचै राँचै रामु।।

मोहन-मूरति स्याम की अति अद्भुत गति जोइ।

बसतु सु चित-अन्तर, तऊ प्रतिबिंबितु जग होइ।।





(ब) रावरे रूप की रीति अनूप, नयो-नयो लागत ज्यौं ज्यौं निहारियै।

त्यौं इन आँखिन बानि अनोखी, अघानि कहूँ नहिं आनितिहारियै।

एक ही जीव छुतौ सु तौ बार्‌यौ, सुजान सँकोच औ सोच सहारियै।

रोकी रहै न, दहै घनआनँद बावरी रीझ के हाथनि हारियै।।

5. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4×2=8

(स) सीय संग सोभित सुलच्छन सहाय जाके

भू पर भरत नाम भाई नीति चारू है।

भूषन भनत कुल सूर कुलभूषन हैं

दासरथी सब जाके भुज भुव भारू है।

अरि लक तोर जोर जाके संग बानर है
सिंधुर हैं बाँधे जाके दल को न पारु है।
तेगहि कै भैंटे जौन राकस मरद जानै
सरजा सिवा जी राम ही को अवतारु है।।

(द) मरिबो बिसराम गनै वह तौ यह बापुरो मीत तज्यौ तरसै।
वह रूप छटा न सहारि सकै यह तेज तवै चितवै बरसै।
घनआनँद कौन अनोखी दसा मति अवरी बावरी है थर सै।
बिछुरे मिलें मीन पतंग दसा कहा मो जिस की गति को
परसै।।

## इकाई–तीन

6. कबीर की भक्ति-भावना पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। 7

7. सूर का वात्सल्य वर्णन सहज स्वाभाविक एवं हृदयस्पर्शी है। उदाहरण सहित पुष्टि कीजिए। 7





## इकाई–चार

8. घनानंद की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिये। 7

9. " बिहारी के काव्य में श्रृंगार के दोनों पक्षों का स्वाभाविक चित्रण है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 7

A

# A-183

## बी. ए. (प्रथम) परीक्षा, 2013

(रेगुलर)

**हिन्दी**

**द्वितीय प्रश्न-पत्र**

**(हिन्दी नाटक तथा निबन्ध साहित्य)**

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए जिनमें प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न कीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघूत्तर दीजिए : $2 \times 10 = 20$

(क) निबन्ध के प्रमुख भेदों का उल्लेख कीजिए।

(ख) भारतेन्दु युगीन चार निबन्धकारों के नाम लिखिए।

(ग) नाटक और एकांकी का अन्तर स्पष्ट कीजिए।

(घ) डॉ० रामकुमार वर्मा के दो एकांकी संग्रहों का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) 'कुमार सम्भव' एकांकी के उद्देश्य को स्पष्ट कीजिए।

(च) 'रंग संकेत' का क्या तात्पर्य है ? नाटक में उसकी क्या उपयोगिता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ज) प्रसाद के प्रमुख नाटकों के नाम लिखिए।

(छ) 'भोर का तारा' एकांकी का प्रमुख प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(झ) नाट्यकला की दृष्टि से 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

(ञ) 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के पुरुष-पात्रों के नाम लिखिए।

## इकाई-एक

2. अधोलिखित अवतरणों की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) राजनीति ही मनुष्य के लिए सब कुछ नहीं है। राजनीति के पीछे नीति से भी हाथ न धो बैठो, जिसका विश्वमानव के साथ व्यापक सम्बन्ध है। राजनीति की साधारण छलनाओं से सफलता प्राप्त करके क्षण भर के लिए तुम अपने को चतुर समझने की भूल कर सकते हो, परन्तु इस भीषण संसार में एक प्रेम करने वाले हृदय को खो देना, सबसे बड़ी हानि है शकराज ! दो प्यार करने वाले हृदयों के बीच स्वर्गीय ज्योति का निवास है।





(ख) रानी, तुम भी स्त्री हो ! क्या स्त्री की व्यथा न समझोगी ? आज तुम्हारी विजय का अन्धकार तुम्हारे शाश्वत स्त्रीत्व को ढँक ले, किन्तु सबके जीवन में एकबार प्रेम की दीवाली जलती है। जली होगी अवश्य, तुम्हारे भी जीवन में आलोक-महोत्सव आया होगा, जिसमें हृदय, हृदय को पहचानने का प्रयत्न करता है, उदार बनता है और सर्वस्व दान करने का उत्साह रखता है।

3. अधोलिखित अवतरणों की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग) कविता तुम्हारे सूने दिलों में संगीत भरती है, स्त्री भी तुम्हारे ऊबे हुए मन को बहलाती है। पुरुष जब जीवन की सूखी चट्टानों पर चढ़ता-चढ़ता थक जाता है, तब सोचता है "चलो थोड़ा मन बहलाव ही कर लें।" स्त्री पर अपना सारा प्यार, अपने सारे अरमान निछावर कर देता है, मानों दुनिया में और कुछ हो ही न। और उसके बाद जब चाँदनी बीत जाती है, जब कविता भी नीरव हो जाती है, तब पुरुष को चट्टानें फिर बुलाती हैं और वह ऐसे भागता है मानों पिंजड़े से छूटा हुआ पंछी !

(घ) हाँ, वस्तुतः पुरुष के भीतर जो सौन्दर्य की एवं ग्राह्य-अग्राह्य की भावना आई है, वह प्रकृति के कारण ही तो। पुरुष प्रकृति से ही पल्लवित हुआ है, उसके ज्ञान का प्रसार प्रकृति है। इसलिए लौकिक जीवन में प्रकृति मुख्य है।

## इकाई-दो

4. अधोलिखित अवतरणों की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(अ) ग्लानि अन्तःकरण की शुद्धि का एक विधान है। उससे इसके उद्गार में अपने दोष, अपराध, तुच्छता, बुराई इत्यादि का लोग दुःख से या सुख के कथन से भी अनुभव करते हैं– उसमें दुराव या छिपाव की प्रवृत्ति नहीं रहती है। अपने दोष का अनुभव, अपने अपराध का स्वीकार, आन्तरिक अस्वस्थता का उपचार तथा सच्चे सुधार का द्वार है।





(ब) असल में अध्यात्म जबरदस्ती का सौदा नहीं है। भौतिक आवश्यकताओं को बिल्कुल कुचल ही डालने से अध्यात्म सिद्धि नहीं हो जाती। ज्ञानमार्ग की दुरूहता का मूल कारण यही जबरदस्ती, यही बलात्कार है। इसी कठिनता को सरलता में बदल देने वाला मार्ग उपासना का मार्ग है।

5. अधोलिखित अवतरणों की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(स) जब उमस से प्राण उबलता रहता है और लू से हृदय सूखता रहता है, एकमात्र शिरीष कालजयी अवधूत की भाँति जीवन की अजेयता का मन्त्रप्रचार करता रहता है। यद्यपि कवियों की भाँति हर फूल-पत्ते को देखकर मुग्ध होने लायक हृदय विधाता ने नहीं दिया है, पर नितान्त ठूँठ भी नहीं हूँ। शिरीष के पुष्प मेरे मानस में थोड़ा हिल्लोल जरूर पैदा करते हैं।

(द) नये मानवीय मानों पर बल देने वाले अभिनव मलयानिलों से मैंने यह संकेत पाया है कि मनुष्य ही महान है, वह दूसरे किसी महत्तर के प्रति अर्पित क्यों हो । भुजंगों से लिपटा हुआ चन्दन का वृक्ष ही स्वतः महान् है, वह आस-पास के कंकोल, निम्ब और कुटज तक को चन्दन बना डालता है । विषयों से परिकृत मानव अपने यश से अपने परिवेश में प्रत्येक युग में सुरभि भरता आया है, उसे अर्पित होने की क्या आवश्यकता है । ये मलयानिल दक्षिण से नहीं, पश्चिम से आये हैं, अर्थात्-दायें से नहीं, पीछे से आये हैं । इनकी पुकार इसीलिए पीछे मुड़कर सुनने की सबके मन में उत्कंठा-सी जग जाती है । सबसे बड़ा, सृष्टि में मूर्धन्य कौन है ? यह मनुष्य है । वह तब क्यों स्फीति होकर न चलें, क्यों वह विनीत होने को विवश हो ?

## इकाई-तीन

6. 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक के किसी नारी-पात्र की चारित्रिक विशेषताओं का विवेचन कीजिए । 7





7. एकांकी शिल्प की दृष्टि से 'ताँबे के कीड़े' एकांकी का मूल्यांकन कीजिए । 7

## इकाई-चार

8. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की निबन्ध-शैली की विशेषताओं का सोदाहरण निरूपण कीजिए । 7

9. "तुम चन्दन हम पानी" निबन्ध संस्कृतिबोध एवं संवेदना की दृष्टि से अद्वितीय है ।" इस कथन की सार्थकता सिद्ध कीजिए । 7

A

# A-184

## बी. ए. (द्वितीय वर्ष) परीक्षा, 2013

(रेगुलर)

**हिन्दी**

**प्रथम प्रश्न-पत्र**

**(आधुनिक हिन्दी काव्य)**

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इनमें से प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त **चार** इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए।

1. सभी प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : $2\times10=20$

   (क) 'रहस्यवाद' का आशय स्पष्ट कीजिए।

   (ख) निराला की चार काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

   (ग) आधुनिक मीरा किसे कहा जाता है ? उनकी दो काव्य रचनाओं का नाम लिखिए।

   (घ) 'परिवर्तन' कविता के कथ्य पर प्रकाश डालिए।

(ङ) छायावादी काव्य की दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(च) 'बादल राग' कविता का संदेश स्पष्ट कीजिए।

(छ) प्रगतिवाद के दो कवियों तथा उनकी दो-दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(ज) 'मुझे फूल मत मारो' कविता का काव्यगत वैशिष्ट्य लिखिए।

(झ) 'कामायनी' महाकाव्य के दो प्रमुख पात्रों के नाम लिखिए।

(ञ) पठित अंश के आधार पर 'कुरुक्षेत्र' का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

## इकाई-एक 7½

2. निम्नलिखित पद्यांशों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(अ) उन्नति और अवनति प्रकृति का नियम एक अखण्ड है
चढ़ता प्रथम जो व्योम गिरता वही मार्तण्ड है।
अतएव अवनति ही हमारी कह रही उन्नति कला
उत्थान ही जिसका नहीं उसका पतन ही क्या भला ?

(ब) नचती है नियति नटी-सी
कन्दुक-क्रीड़ा-सी करती
इस व्यथित विश्व आँगन में
अपना अतृप्त मन भरती।





3. निम्नलिखित पद्यांशों की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) योग्य जन जीता है।
पश्चिम की उक्ति नहीं-
गीता है, गीता है-
स्मरण करो बार-बार-
जागो फिर एक बार !

(ख) उज्ज्वल वरदान चेतना का
सौन्दर्य जिसे सब कहते हैं
जिसमें अनंत अभिलाषा के
सपने सब जगते रहते हैं।

## इकाई-दो 7½

4. निम्नलिखित पद्यांशों की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) बिछा कार्यों का गुरुतर भार
दिवस को दे सुवर्ण अवसान,
शून्य शय्या में, श्रमित अपार
जुड़ाता जब मैं आकुल प्राण;
न जाने मुझे स्वप्न में कौन
फिराता छाया जग में मौन !

(ख) जब असीम से हो जायेगा
मेरी लघु सीमा का मेल
देखोगे हे देव ! अमरता
खेलेगी मिटने का खेल !

5. निम्नलिखित पद्यांशों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) सीमा ही लघुता का बन्धन
है अनादि तू मत घड़ियाँ गिन,
मैं दृग के अक्षय कोषों से
तुझ में भरती हूँ आँसू-जल !

(ख) ब्रह्मा से कुछ लिखा भाग्य में
मनुज नहीं लाया है,
अपना सुख उसने अपने
भुज बल से ही पाया है।

## इकाई-तीन 7½

6. जयशंकर प्रसाद के काव्य-सौष्ठव पर प्रकाश डालिए। 7

7. "राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की कृतियाँ भारतीय संस्कृति का अक्षय कोष है।" सोदाहरण सिद्ध कीजिए। 7

## इकाई-चार 7½

8. 'प्रगतिवादी प्रवृत्तियों के आधार पर दिनकर की कविताओं का वैशिष्ट्य निरूपित कीजिए। 7

9. पन्त की काव्य-यात्रा के विभिन्न सोपानों का विश्लेषण कीजिए। 7

A

# A-185

## बी. ए. (द्वितीय) परीक्षा, 2013

**(रेगुलर)**

**हिन्दी**

**द्वितीय प्रश्न-पत्र**

**(हिन्दी कथा साहित्य)**

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न करना है।

1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के लघु-उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) कहानी के तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

(ख) आंचलिक कहानी का स्वरूप स्पष्ट कीजिए।

(ग) प्रेमचन्द युगीन कहानी की प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

(घ) 'फूलों का कुर्ता' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ङ) 'चीफ की दावत' कहानी के शामनाथ के चरित्र पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए।

(च) 'राजा निरबंसिया' कहानी में निहित कहानीकार के संदेश को संक्षेप में व्यक्त कीजिए।

(छ) नई कहानी की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(ज) वृंदावनलाल वर्मा के कहानी संग्रहों का नामोल्लेख कीजिए।

(झ) 'गुण्डा' कहानी के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

(ञ) 'झाँसी की रानी' के किसी एक पुरुष पात्र की चरित्रगत प्रमुख विशेषता का उल्लेख कीजिए।

## इकाई–एक

2. निम्नलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) राजा को यह व्यंग्य अखर गया। पर जिस मुसकान के साथ वह निसृत हुआ था, वह आकर्षक थी। साथ ही मोतीबाई, जूही इत्यादि कल्पना में बिजली की तरह कौंध गईं और आगे आने वाले मृच्छकटिक नाटक के अभिनय ने एक उमंग पैदा की। रानी की मुसकान का आकर्षण उसी क्षण तिरोहित हो गया और उसके साथ ही उठता हुआ क्षोभ। बोले, आप कभी-कभी बहुत बड़ी चोट कर बैठती हैं।





(ख) जिन लोगों की लालसा अपने लिए फलों की ओर गई, वे गिर गए और स्वराज्य की धारा धीमी पड़ गई परन्तु वह सूखी कभी नहीं। दादा बाजीराव पेशवा हतप्रभ होकर बिठूर चले आए। परंतु हम लोगों को वे स्वराज्य की शिक्षा देने से कभी नहीं चूके। यदि हिन्दुस्तान में कोई भी उस पवित्र काम को अपने हाथ में न ले तो भी, मैंने अपने कृष्ण के सामने, अपनी आत्मा के भीतर उसका बीड़ा उठाया है।

3. निम्नलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग) कमल फूलों का राजा है। सरस्वती की महानता, लक्ष्मी की विशालता उसके पराग और केसर में कहीं अदृष्ट रूप से निहित है। वह हिंदुस्तान की प्रकृति का, संस्कृति का मृदुल, मंजुल, मांगलिक और पावन प्रतीक है। उसका रंग हलका लाल है। वह बिल्कुल रक्त नहीं है। हिंदुस्तान में होने वाली क्रांति खूनी जरूर थी, परंतु इसी खूनी क्रांति के गर्भ में मंजुलता और पावनता गड़ी हुई थी।

(घ) एक गौर वर्ण युवती सुंदर आकृति वाली। बड़े-बड़े काले नेत्र, लाल रंग की साड़ी का अंचल बाँधे हुए। आभूषणों से लदी हुई। वह स्त्री किले की बुर्ज पर खड़ी हुई अंग्रेजों के लाल-लाल गोलों को अपने कोमल करों में झेल रही है। कह रही है – 'लक्ष्मीबाई, देख इन गोलों को झेलते-झेलते मेरे हाथ काले हो गए हैं, चिंता मत कर। स्वराज्य की देवी अमर है।'

## इकाई-दो

4. अधोलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(अ) राजमाता न जाने क्यों इस अद्‌भुत व्यक्ति को समझने के लिए चंचल हो उठी थीं। तब भी उसने दुलारी को आगे कुछ न कहने के लिए तीखी दृष्टि से देखा। वह चुप हो गई। पहले पहर की शहनाई बजने लगी। दुलारी छुट्टी माँगकर डोली पर बैठ गई। तब गेंदा ने कहा– "सरकार! आजकल नगर की दशा बड़ी बुरी। दिन-दहाड़े लोग लूट लिये जाते हैं।"





(ब) हमारा जीवन कितना छिछला और संकीर्ण होता चला जा रहा है। स्वार्थ के बावलेवन की छीना-झपटी और मारोमार हमें बदहवास किये दे रही है। हम अपनी उस मानवता, नैतिकता और स्थिरता को खो चुके हैं जिसका विकास हमारे आत्म-द्रष्टा ऋषियों ने संकीर्ण सांसारिकता से मुक्त होकर किया था।

5. अधोलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(स) हीरामन ने अपनी थैली आज हीराबाई के जिम्मे रख दी है। मेले का क्या ठिकाना किस्म-किस्म के पाकिटकाट लोग हर साल आते हैं। अपने साथी-संगियों का भी क्या भरोसा। हीराबाई मान गई। हीरामन के कपड़े की काली थैली को उसने अपने चमड़े के बक्स में बन्द कर दिया। बक्से के ऊपर भी कपड़े का खोल और अन्दर भी झलमल रेशमी अस्तर। मन का मान-अभिमान दूर हो गया।

(द) कंकड़ की सड़क आयी- सड़क खत्म हुई, गली आयी। पर गली के अंधेरे में घुसते हुए वह सहम गया, जैसे किसी ने अदृश्य हाथों से उसे पकड़कर सारा रक्त निचोड़ लिया, उसकी फटी हुई शक्ति की नस पर हिम शीतल ओठ रखकर सारा रस चूस लिया और गली के अंधेरे की हिकारत भरी कालिख और भी भारी हो गई, जिसमें घुसने से उसकी साँस रुक जायेगी– घुट जायेगी।

## इकाई-तीन

6. उपन्यास के तत्त्वों की दृष्टि से 'झाँसी की रानी' उपन्यास की समीक्षा कीजिए। 7

7. "नारी-पात्रों के चरित्रांकन में वृंदावनलाल वर्मा को अद्भुत सफलता मिली है।" इस कथन की पुष्टि 'झाँसी की रानी' उपन्यास के किसी नारी पात्र के चरित्र-चित्रण द्वारा कीजिए। 7





## इकाई-चार

8. 'वापसी' कहानी की कहानी-कला के तत्वों की दृष्टि से समीक्षा कीजिए। 7

9. 'दो बैलों की कथा' के आधार पर मुंशी प्रेमचन्द के कहानी-शिल्प का विश्लेषण कीजिए। 7

A

# A-186

## बी० ए० (भाग-3) परीक्षा, 2013

(रेगुलर)

हिन्दी

प्रथम प्रश्न-पत्र

(अद्यतन हिन्दी काव्य)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इनमें से प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से एक-एक प्रश्न का उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : $2 \times 10 = 20$

(क) प्रयोगवादी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

(ख) अज्ञेय की कविता 'घृणा का गान' का मूल भाव क्या है ?

(ग) 'उषा' कविता में अभिव्यक्त प्रातःकाल के सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

(घ) 'रोया यक्ष कि तुम रोये थे ? 'इस पंक्ति में निहित कवि का आशय उद्‌घाटित कीजिए ।

(ङ) 'भूल-गलती' कविता का प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए ।

(च) कवि जंगल के राजा को क्यों सावधान करना चाहता है ?

(छ) कवि नरेश मेहता भाषाहीन वनस्पतियों में किस तरह की भाषा का अनुभव करते हैं ?

(ज) कवि कलाकार से सृजन की थकन भूल जाने की बात क्यों करता है ?





(झ) नागार्जुन के किन्हीं दो काव्य-संग्रहों के नाम लिखिए ।

(ञ) प्रयोगवाद और नई कविता में क्या अन्तर है ?

## इकाई-एक

2. निम्नलिखित पद्यावतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) इसी में भव, इसी में निर्वाण
इसी में तन-मन इसी में प्राण
यहीं जड़-जंगम सचेतन औ, अचेतन जंतु
यहीं 'हाँ', 'ना', 'किन्तु' और 'परंतु'
यहीं है सुख-दुख का अवबोध
यहीं हर्ष-विषाद चिंता-क्रोध
यहीं है संभावना, अनुमान
यहीं स्मृति-विस्मृति सभी का स्थान ।

(ख) तुम, सत्ताधारी मानवता के शव पर आसीन,
जीवन के चिर-रिपु, विकास के प्रतिद्वन्द्वी प्राचीन,
तुम श्मशान के देव! सुनो यह रण-भेरी की तान
आज तुम्हें ललकार रहा हूँ, सुनो घृणा का गान ।

3. निम्नलिखित पद्यावतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग) हवा में उड़ती पताकाएँ
अनेक।
दैन्य दानव। क्रूर स्थिति।
कंगाल बुद्धि : मजूर घर भर।
एक जनता का–अमर वर:
एकता का स्वर।
अन्यथा स्वातन्त्र्य–इति।

(घ) यों अजाना पान्थ
जो भी क्लान्त आया रुका लेकर आस,
स्वल्पायास से ही शान्त
अपनी प्यास
इससे कर गया
खींच लम्बी साँस
पार उतर गया।





## इकाई–दो

4. निम्नलिखित पद्यावतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(अ) उदरम्भरि बन अनात्म बन गये,
भूतों की शादी में कनात से तन गये,
किसी व्यभिचार के बन गये विस्तर,
दुःखों के दागों को तमगों–सा पहना,
अपने ही खयालों में दिन–रात रहना,
असंग बुद्धि व अकेले में सहना,
जिन्दगी निष्क्रिय बन गयी तलघर।

(ब) ये भूखे नहीं पिआसे हैं।
वैसे ये अच्छे खासे हैं
है वाह वाह की प्यास इन्हें,
ये शूर कहे जायेंगे तब
और कुछ के मन भायेंगे तब
है चमड़े की अभिलाष इन्हें।

5. निम्नलिखित पद्यावतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(स) इसीलिए मैं एक भाषा का अनुभव करता हूँ
जो ग्रन्थों में नहीं होती
पर प्रायः जिसे मैंने
भाषाहीन वनस्पतियों में सुना है।
मैंने इस भूमि को जब भी देखा है
गायत्री ही देखा है।

(द) ये अनजान नदी की नावें
जादू के-से पाल
उड़ाती
आती
मन्थर चाल।
नीलम पर किरनों
की साँझी
एक न डोरी
एक न माँझी
फिर भी लाद निरन्तर लातीं
सेन्दुर और प्रवाल!





## इकाई-तीन

6. नागार्जुन के काव्य की प्रगतिशील चेतना को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए। 7

7. अज्ञेय की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 7

## इकाई-चार

8. 'अंधेरे में।' कविता के पठित अंश के आधार पर मुक्तिबोध की सामाजिक दृष्टि का निरूपण कीजिए। 7

9. नरेश मेहता की काव्यगत विशेषताओं का सोदाहरण विवेचन कीजिए। 7

A

# A-187

## बी. ए. (भाग–3) परीक्षा, 2013

(रेगुलर)

**हिन्दी**

**द्वितीय प्रश्न-पत्र**

**(हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास तथा काव्यांग परिचय)**

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न कीजिए । प्रश्नोत्तर में प्रश्न संख्या अवश्य लिखिए ।

1. निम्नलिखित लघु प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) अवधी बोली का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ख) यमक अलंकार का सोदाहरण परिचय दीजिए ।

(ग) तुलसी दास की दो ब्रजभाषा कृतियों के नाम लिखिए ।

(घ) निर्गुण ज्ञानाश्रयी शाखा के चार कवियों के नाम लिखिए।

(ङ) हिन्दी के चार प्रगतिवादी कवियों के नाम लिखिए।

(च) भक्तिकाल की चार प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(छ) द्विवेदी युगीन कविता का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ज) दोहा अथवा सोरठा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

(झ) 'वीर' रस का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ञ) काव्यहेतु का आशय स्पष्ट कीजिए।

**इकाई-एक** 7½

2. हिन्दी की शब्द सम्पदा पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

3. हिन्दी भाषा का विकासात्मक परिचय दीजिए।

**इकाई-दो** 7½

4. भक्तिकाल की सामान्य विशेषताओं का विश्लेषण कीजिए।

5. सूफी-काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।





**इकाई-तीन** 7½

6. हिन्दी उपन्यास के क्रमिक विकास पर प्रकाश डालिए।

7. हिन्दी कहानी की विकास-यात्रा की विवेचना कीजिए।

**इकाई-चार** 7½

8. काव्य के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

9. यमक और श्लेष अलंकार की सोदाहरण परिभाषा देते हुए, उनके अन्तर को रेखांकित कीजिए।

A

# A-188

## बी० ए० (भाग-3) परीक्षा, 2013

(रेगुलर)

हिन्दी

तृतीय प्रश्न-पत्र

(आधुनिक ब्रजभाषा और अवधी काव्य)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से एक-एक प्रश्न करना है ।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : $2 \times 10 = 20$

(क) भारतेन्दु युग के चार प्रमुख क़वियों का नामोल्लेख कीजिए ।

(ख) 'उद्धवशतक' का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'प्रेम-पचीसी' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(घ) 'छंदशती' के भाषा सम्बन्धी वैशिष्ट्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(ङ) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही' की चार काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए।

(च) रमई काका की चार कविताओं का नामोल्लेख कीजिए।

(छ) वंशीधर शुक्ल के ग्राम्य-प्रेम का विवेचन कीजिए।

(ज) 'अन्न देउता' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए।

(झ) आधुनिक अवधी काव्य की चार विशेषताएँ बताइये।

(ञ) त्रिलोचन की कृति 'अमोला' के काव्य-सौंदर्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।





इकाई-एक

2. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क)

लाज समाज निवारि सबै प्रन प्रेम को प्यारे पसारन दीजिए।
जानन दीजिए लोगन को कुलटा करि मोहिं पुकारन दीजिए।
त्यों 'हरिचन्द' सबै भय टारि कै लालन घूँघट टारन दीजिए।
छाँड़ि संकोचन चंद मुखै भरि लोचन आजु निहारन दीजिए।।

(ख)

सुनि-सुनि ऊधव की अकह कहानी कान
कोउ थहरानी, कोऊ थानहिं थिरानी हैं।
कहै रतनाकर रिसानी, बररानी कोऊ
कोऊ बिलखानी, बिकलानी, बिथकानी हैं।
कोऊ सेद-सानी, कोऊ भरि दृग-पानी रहीं
कोऊ घूमि-घूमि परीं भूमि मुरझानी हैं।
कोऊ स्याम-स्याम कै बहकि बिललानी कोऊ
कोमल करे जौ थामि सहमि सुखानी हैं।।

3. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग)

कछु जोर नहीं है हमारो लला ! तित जाइये जू चित चाहे जहाँ ।

मिलते मन माहिर जाहिर मैं फिर आखिर मैं पछतैहौ वहाँ ।

तुम मानौं न मानौं करौ मन की, मन मारिकै धरिहैं धीर यहाँ ।

मिलिहै महबूब सनेही सही, पै "सनेही" सा और सनेही कहाँ ।।

(घ)

मारि गयो पिचकारी अचानक,

  थोरी सरीर पै थोरी हिये मैं ।

भीजि गई सगरी अँगिया,

  रस-धार बही बरजोरी हिये मैं ।

जोरति प्रीति, निचोरति चीर,

  सँकोचति-सोचति गोरी हिये मैं ।

भाल अबीर, गुलाल कपोलनि,

  नैननि मैं रँग, होरी हिये मैं ।





## इकाई-दो

4. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(अ)

कोउ जंगल माँ कोउ नद्दी माँ प्रेमी प्रेमिका खिलाय रहे ।

इन पर ना कौनो दफा लगे सब हकिमौ देखि सिहाय रहे ।।

जब ध्यान धरेन तौ जानि परा यह साच्छात अंग्रेजी है ।

भारत का मेहरा यहै किहिसि बसि दिखतै कँपी करेजी है ।।

अगली सन्तानैं देखि सिनेमा भई सिनेमा का स्वरूप ।

भारतीय धर्म चौपट होइगा घर-घर योरुप का भवा रूप ।।

(ब)

दुरगा अउ सीता की साखि धरे माथ

सब निकसि गयीं ख्यातन का मनइन की छांही

कंगला-कुमार निकरे फिरि डारि-डारि झोरी

दाना बटोरि लावयिं तिहिते भरहयिं क्वाठा

जिन ते जीहयिं मनई ! तब तउ बरम्हा बाबा

यूहू भांयि'भायिं धरिहयिं संसार का तमासा ।

5. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(स)

निक निक लागइ बहुतइ पहिल पियार ।
किरसइ तन-मन जब कुछ होइ उतार ।।
अपनाइति हेरत हम गये हेराइ ।
रस निकसइ जब कोल्हू ऊखि पेराइ ।।
दुःख पइ आँसु बहावइ जिउ कइ छोट ।
मन की पोढ़ न करइ त केकर खोट ।।

(द)

अगिनि अस आल्हा कै ललकार, कायरो सुनै सूर होइ जायँ ।
बसे घर घर मां तुलसीदास, सिखावै धरम करम आचार ।।
घुसे हरिजन के घरन कबीर, अँधेरे माँ कइ रहे उज्यार ।
भड्री के कन-कन माँ ब्यापि, चिकारन के सुर पल्टूदास ।।
कन्हैया नैनू ढूंढत फिरैं, सूर कै हिरदय हरस हुलास ।
सरसुती के आँचर तर अबहूँ घाघ हैं ख्यातन के रखवार ।।

## इकाई-तीन

6. 'उद्धवशतक' के आधार पर 'रत्नाकर' की काव्यकला पर प्रकाश डालिए । 7





7. डॉ० जगदीश गुप्त की काव्यगत विशेषताओं का सोदाहरण विवेचन कीजिए । 7

## इकाई-चार

8. त्रिलोचन शास्त्री का साहित्यिक परिचय देते हुए उनके काव्य का मूल्यांकन कीजिए । 7

9. "पं० वंशीधर शुक्ल सफल कवि और युगद्रष्टा हैं ।" इस कथन से आप कहाँ तक सहमत हैं ? सोदाहरण मीमांसा कीजिए । 7

A

# A-189

## बी० ए० (प्रथम वर्ष) परीक्षा, 2013

### प्रयोजनमूलक हिन्दी

### प्रथम प्रश्न-पत्र

### (भारत सरकार की राजभाषा नीति)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 35

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रथम प्रश्न अनिवार्य है तथा चारों इकाईयों में से प्रत्येक से **एक-एक** प्रश्न करना आवश्यक है ।

1. निम्नलिखित के संक्षिप्त उत्तर लिखिए : $1\frac{1}{2} \times 10 = 15$

   (i) संसदीय राजभाषा समिति के गठन की व्याख्या किस अनुच्छेद के अन्तर्गत एवं किस प्रकार की गयी है ?

   (ii) 'राष्ट्रभाषा' किसे कहते हैं ?

   (iii) 'त्रिभाषा फॉर्मूला' क्या है ?

(iv) सम्पर्क भाषा की दो विशेषताएँ लिखिए।

(v) राजभाषा परवर्ती नियम, 1976 पर प्रकाश डालिए।

(vi) 'मानक हिन्दी' से आप क्या समझते हैं ?

(vii) राजभाषा के सन्दर्भ में 'ग' क्षेत्र में आने वाले राज्यों का नामोल्लेख कीजिए।

(viii) संविधान के किस अनुच्छेद में न्यायालयों में हिन्दी के प्रयोग का विवेचन किया गया है ?

(ix) राजभाषा अधिनियम संविधान के अनुसार हिन्दी के प्रयोग के कौन-से क्षेत्र हैं ?

(x) संविधान लागू होने के समय आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएँ थीं ?

## इकाई–एक

2. राजभाषा के रूप में हिन्दी का विकास निरूपित कीजिए। 5

3. राजभाषा सम्बन्धी अनुच्छेदों को ध्यान में रखते हुए हिन्दी की वर्तमान स्थिति पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए। 5





## इकाई–दो

4. राजभाषा संशोधित अधिनियम, 1967 का महत्व प्रतिपादित कीजिए। 5

5. राष्ट्रपति का आदेश, 1960 के महत्व को स्पष्ट कीजिए। 5

## इकाई–तीन

6. राजभाषा आयोग एवं संसदीय समिति के पारस्परिक सम्बन्ध को उद्‌घाटित करते हुए इनकी उपादेयता को रेखांकित कीजिए। 5

7. राजभाषा आयोग द्वारा प्रस्तुत राजभाषा सम्बन्धी सुझावों पर प्रकाश डालिए। 5

## इकाई–चार

8. हिन्दी प्रचार एवं प्रसार में प्रशिक्षण संस्थानों की भूमिका पर प्रकाश डालिए। 5

9. सरकारी कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी की स्थिति पर प्रकाश डालिए। 5

A

# A-190

## बी०ए० (प्रथम वर्ष) परीक्षा, 2013

### प्रयोजनमूलक हिन्दी

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

### (हिन्दी का प्रायोगिक व्याकरण और वार्तालाप)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 35

**निर्देश** : प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न कीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : $1\frac{1}{2} \times 10 = 15$

   (i) प्रयोजनमूलक हिन्दी की विशेषताएँ लिखिए।

   (ii) 'हिन्दी शब्दानुशासन' पुस्तक के लेखक का नाम लिखिए।

   (iii) वाक्य किसे कहते हैं?

   (iv) परसर्ग को उदाहरण सहित समझाइए।

(v) हिन्दी में आगत तीन शब्दों के उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

(vi) 'संयुक्त क्रिया' किसे कहते हैं? सोदाहरण लिखिए।

(vii) प्रश्नवाचक, विस्मयबोधक और अर्द्धविराम चिह्नों को अंकित कीजिए।

(viii) 'क्ष', 'त्र' और 'स' संयुक्त व्यंजनों में किन व्यंजनों का योग है?

(ix) 'श्रृंगार', 'उज्चल' और 'चर्मोत्कर्ष' शब्दों की सही वर्तनी लिखिए।

(x) 'करण सम्बन्ध' और 'अधिकरण' कारकों के विभक्ति-चिह्न लिखिए।

**इकाई-एक** 5

2. हिन्दी भाषा की प्रकृति का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

3. रचना की दृष्टि से वाक्य के भेदों का उल्लेख कीजिए।

**इकाई-दो** 5

4. हिन्दी स्वर ध्वनियों का वर्गीकरण कीजिए।

5. ध्वनि-उच्चारण में लय के महत्त्व को रेखांकित कीजिए।





**इकाई-तीन** 5

6. 'विशेषण' की परिभाषा और उसके भेदों का परिचय दीजिए।

7. हिन्दी कारकों और उनसे सम्बन्धित परसर्गों पर प्रकाश डालिए।

**इकाई-चार** 5

8. वैज्ञानिक लिपि की विशेषताओं के आधार पर देवनागरी लिपि का परीक्षण कीजिए।

9. विराम-चिह्नों की उपयोगिता प्रतिपादित कीजिए।

A

# A-191

## बी. ए. (द्वितीय वर्ष) परीक्षा, 2013

### प्रयोजनमूलक हिन्दी

### प्रथम प्रश्न-पत्र

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 35

**निर्देश :** प्रश्न सं. 1 अनिवार्य है । शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न हल कीजिए ।

1. निम्नलिखित के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 1½×10=15

(क) सरकारी पत्र किसे कहते हैं ?

(ख) बचत खाता से क्या अभिप्राय है ?

(ग) बीमा किसे कहते हैं ?

(घ) परिपत्र से क्या तात्पर्य है ?

(ङ) आवर्ती जमा से क्या तात्पर्य है ?

(च) कोटेशन का क्या आशय है ?

(छ) विज्ञप्ति किसे कहते हैं ?

(ज) कॉपी लेखन से क्या अभिप्राय है ?

(झ) आदेशात्मक पत्र का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ञ) रपट से क्या तात्पर्य है ?

**इकाई–एक** 5

2. पत्र की अवधारणा स्पष्ट करते हुए उसकी आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

3. पत्र के प्रमुख प्रकारों का उल्लेख करते हुए किसी एक पत्र का उदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

**इकाई–दो** 5

4. सूचना एवं अधिसूचना में अन्तर स्पष्ट करते हुए, अधिसूचना को विस्तार से समझाइए।

5. पृष्ठांकन से क्या तात्पर्य है ? पृष्ठांकन लेखन करते समय किन–किन बातों को ध्यान में रखना चाहिए ?





**इकाई–तीन** 5

6. निविदा सूचना से आप क्या समझते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

7. व्यावसायिक पत्र से क्या तात्पर्य है ? उसकी विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

**इकाई–चार** 5

8. विज्ञापन के कौन-कौन से माध्यम हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

9. विज्ञापन लेखन की विशेषताओं की विवेचना कीजिए।

A

# A-192

## बी० ए० (द्वितीय वर्ष) परीक्षा, 2013

### प्रयोजनमूलक हिन्दी

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 35

**निर्देश :** प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न कीजिए।

1. निम्नलिखित के लघु उत्तर दीजिए : $1\frac{1}{2}\times10=15$

   (i) प्रयोजनमूलक हिन्दी की आवश्यकता एवं महत्त्व को स्पष्ट कीजिए।

   (ii) टिप्पणी-लेखन के लिए ध्यातव्य बिन्दुओं पर प्रकाश डालिए।

   (iii) अभिलेख किसे कहते हैं ? स्पष्ट कीजिए।

(iv) पूरकपत्र से क्या अभिप्राय है ? स्पष्ट कीजिए ।

(v) आलेखन की अवधारणा पर संक्षेप में विचार कीजिए ।

(vi) 'संदर्भ पत्रिकाओं' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(vii) 'प्रकरण निर्माण' की विधि का उल्लेख कीजिए ।

(viii) 'टिप्पणी' की भाषा कैसी होनी चाहिए ? स्पष्ट कीजिए ।

(ix) आलेखन के महत्त्व पर विचार कीजिए ।

(x) 'फाइल पद्धति' के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

**इकाई–एक** 5

2. टिप्पणी-लेखन के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए उसके प्रकारों का विवेचन कीजिए ।

3. टिप्पणी-लेखन की आवश्यकता और महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

**इकाई–दो** 5

4. आलेखन की भाषा-शैली की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

5. आलेखन की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए उसके प्रकारों का उल्लेख कीजिए ।





**इकाई–तीन** 5

6. फाइल की निस्तारण पद्धति की विवेचना कीजिए ।

7. सन्दर्भ पत्रिकाओं के प्रयोजन पर प्रकाश डालिए ।

**इकाई–चार** 5

8. सरकारी कार्यालयों में अभिलेखों की उपयोगिता की विवेचना कीजिए ।

9. अपने क्षेत्र में सफाई-सम्बन्धी समस्या को दूर करने के लिए नगर निगम के क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक को जनता की ओर से एक पत्र लिखिए ।

A

# A-193

## बी०ए० (भाग-III) परीक्षा, 2013

### प्रयोजनमूलक हिन्दी

### प्रथम प्रश्न-पत्र

### (अनुवाद, दुभाषिया प्रविधि, पारिभाषिक शब्दावली)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 35

**निर्देश** : कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इनमें से प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघूत्तर दीजिए : 1½×10=15

(क) अनुवाद की आवश्यकता पर विचार कीजिए।

(ख) अच्छे अनुवाद की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ग) दुभाषिए की उपयोगिता क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(घ) आशु अनुवाद की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

(ङ) शब्दावली निर्माण प्रक्रिया के सिद्धान्त क्या हैं?

(च) राजभाषा अधिनियम का परिचय दीजिए।

(छ) स्रोत भाषा का स्वरूप क्या है? स्पष्ट कीजिए।

(ज) श्रेष्ठ अनुवाद के महत्व का उल्लेख कीजिए।

(झ) संक्षेपण किसे कहते हैं? स्पष्ट कीजिए।

(ञ) सम्पादन कला का महत्व बताइए।

**इकाई-एक** 5

2. अनुवाद की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए।

3. श्रेष्ठ अनुवाद करते समय अनुवादक को कौन-कौन सी सावधानियाँ बरतनी चाहिए?

**इकाई-दो** 5

4. दुभाषिए के गुणों का परिचय दीजिए।

5. दुभाषिया प्रविधि पर संक्षिप्त निबन्ध लिखिए।

**इकाई-तीन** 5

6. पारिभाषिक शब्दावली की विकास-यात्रा पर प्रकाश डालिए।

7. पारिभाषिक शब्दावली की निर्माण-प्रक्रिया के सिद्धान्तों को स्पष्ट कीजिए।

**इकाई-चार** 5

8. संक्षेपण एवं सम्पादन में क्या अन्तर है? स्पष्ट कीजिए।

9. अच्छे सम्पादक की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

A

# A-194

## बी० ए० (भाग-III) परीक्षा, 2013

### प्रयोजनमूलक हिन्दी

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

### (संचार माध्यम)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 35

**निर्देश :** प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 1½×10=15

(क) संचार माध्यम का लक्ष्य क्या है ? स्पष्ट कीजिए।

(ख) संचार के प्रमुख घटकों का उल्लेख कीजिए।

(ग) रेडियो उद्घोषक के गुणों का परिचय दीजिए।

(घ) रेडियो का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल कौन-सा है ? वर्णन कीजिए।

(ङ) प्रेस विज्ञप्ति किसे कहते हैं ? समझाइये।

(च) इण्टरनेट की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(छ) हिन्दी के दो लोकप्रिय समाचार-पत्रों की जानकारी दीजिए।

(ज) समाचार-पत्रों में सम्पादकीय का क्या महत्व है ? स्पष्ट कीजिए।

(झ) संक्षिप्तीकरण का अभिप्राय स्पष्ट कीजिए।

(ञ) किन्हीं चार प्रूफ-शोधक चिह्नों का उल्लेख कीजिए।

## इकाई–एक

2. संचार माध्यम का उद्देश्य स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए। 5

3. जनसंचार के आधुनिक माध्यम कौन-कौन से हैं ? 5

## इकाई–दो

4. रेडियो प्रसारण के मूल सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए। 5





5. "टेलीविजन जनसंचार का सबसे सशक्त माध्यम है।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 5

## इकाई–तीन

6. 'भारत में प्रिण्ट मीडिया का विकास' विषय पर एक संक्षिप्त निबन्ध लिखिए। 5

7. पारिभाषिक शब्दावली से आप क्या समझते हैं ? किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दों का उल्लेख कीजिए। 5

## इकाई–चार

8. रपट लेखन की भाषा-शैली की विशेषताएँ लिखिए। 5

9. रेडियो अथवा दूरदर्शन के सर्वेक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत कीजिए। 5

A

# A-195

## बी. ए. (तृतीय वर्ष) परीक्षा, 2013

### प्रयोजनमूलक हिन्दी

### तृतीय प्रश्न-पत्र

### (कम्प्यूटर, टंकण आशुलेखन)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 35

निर्देश : कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न सं. 1 अनिवार्य है। शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षेप में उत्तर दीजिए : 1½×10=15

(क) टंकक के गुणों का उल्लेख कीजिए।

(ख) हिन्दी आशुलिपि की किन्हीं दो प्रचलित प्रणालियों के नाम लिखिए।

(ग) टंकण यंत्र में 'शिफ्ट की' का क्या कार्य है ?

(घ) 'पेन ड्राइव' की क्या उपयोगिता है ?

(ङ) 'विकीपीड़िया' क्या है ?

(च) 'यूनीकोड' का कम्प्यूटर पर भाषिक दृष्टि से क्या महत्त्व है ?

(छ) 'ई-मेल' और 'एस.एम.एस.' में क्या अन्तर है?

(ज) 'फ्लो चार्ट' में प्रयुक्त किन्हीं चार चिह्नों को स्पष्ट कीजिए।

(झ) कम्प्यूटर के सहायक हार्डवेयर कौन-कौन से हैं ?

(ञ) आशुलिपिक की विशेषताएँ लिखिए।

## इकाई–एक 5

2. वर्तमान में 'टंकण' की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए, टंकण के साधनों का नामोल्लेख कीजिए।

3. टंकण यंत्र के प्रमुख प्रभागों का परिचय एवं महत्त्व स्पष्ट कीजिए।





## इकाई–दो 5

4. "कम्प्यूटर के आगमन से सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हुआ है।" इस कथन के आलोक में कम्प्यूटर का महत्त्व स्पष्ट कीजिए।

5. 'कम्प्यूटर' के बाह्य प्रभागों का परिचय देते हुए, उसके प्रमुख कार्यों का विवेचन कीजिए।

## इकाई–तीन 5

6. 'आशुलिपि' का आशय स्पष्ट करते हुए, उसके महत्त्व पर प्रकाश डालिए।

7. हिन्दी वर्णमाला को 'आशुलिपि' में चिह्नित कीजिए।

## इकाई–चार 5

8. टेलेक्स और टेलीप्रिण्टर में क्या सम्बन्ध है ? टेलीप्रिण्टर के कार्यक्षेत्र पर प्रकाश डालिए।

9. 'टेलीकॉन्फ्रेंसिंग' से क्या तात्पर्य है ? शिक्षा के क्षेत्र में टेलीकॉन्फ्रेंसिंग की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

A

# A-196

## दक्षता प्रमाण-पत्र परीक्षा, 2013

## मराठी

### प्रथम प्रश्न-पत्र

### (मराठी भाषा)

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक : 100

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । इसके अतिरिक्त प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : 4×10=40

(i) मराठी नागरी लिपि की सीमायें बताइये ।

(ii) मराठी भाषा अपनी विकास की प्रक्रिया में किन भाषाओं से प्रभावित हुई है ?

(iii) एक से बीस तक गिनती मराठी के अंकों एवं शब्दों में लिखिए।

(iv) मराठी में किन्हीं आठ रंगों के नाम लिखिये।

(v) मराठी के चार मुहावरे लिखकर उनका हिन्दी में अर्थ बताइये।

(vi) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं आठ शब्दों के विलोम शब्द लिखिये :

चांगला, लहान, श्रीमंत, हुशार, ओसाड़, पुढ़े, कच्चा, उंच, गोरा, खाली, उजवा, महाग।

(vii) मराठी में किन्हीं आठ सब्जियों के नाम लिखिए।

(viii) मराठी में किन्हीं आठ पक्षियों के नाम लिखिये।

(ix) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं आठ शब्दों के बहुवचन लिखिये :

झाड़, कवि, चित्र, तळे, पाणी, पैसा, माळ, भिंत, फळ, काठी, वाघीण, फूल।

(x) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं आठ शब्दों का हिन्दी में अर्थ बताइये :

गवळी, हमाल, चांभार, शिंपी, परिट न्हावी, सुतार, पारधी, माळी, सोनार, गवंडी, आचारी।





## इकाई-एक

2. हिन्दी एवं मराठी नागरी लिपि में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 15

3. मराठी नागरी लिपि की विशेषतायें बताइये। 15

## इकाई-दो

4. 'मराठी भाषा का क्रमिक विकास' विषय पर निबन्ध लिखिये। 15

5. मराठी भाषा में कारक और उनके चिह्नों को उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। 15

## इकाई-तीन

6. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दस वाक्यों का मराठी में अनुवाद कीजिए : 15

(i) इस वृक्ष पर एक पक्षी बैठा है।

(ii) अनिल तुम अपना काम करो।

(iii) वह कौन है ?

(iv) हम खिलाड़ी नहीं हैं।

(v) आप शिक्षक हैं।

(vi) यह खेत है, बगीचा नहीं है।

(vii) यह दूध गरम है।

(viii) गंगा एक पवित्र नदी हैं।

(ix) वे किसान गरीब है।

(x) क्या यहाँ पुस्तकें हैं ?

(xi) तुम बीमार नहीं हो।

(xii) आज बाजार बन्द है।

(xiii) ये कितने रुपये हैं ?

(xiv) आपका नौकर अच्छा है।

(xv) मेरे लिये चाय लाओ।

7. निम्नलिखित वाक्यांशों का मराठी में अनुवाद कीजिए : 15

महाराष्ट्र में पंढरपुर एक प्रसिद्ध क्षेत्र है। यहाँ एक नदी है। उसका नाम चन्द्रभागा है। चन्द्रभागा नदी के दोनों किनारों पर सुन्दर घाट हैं। यहाँ अनेक छोटे बड़े मन्दिर हैं। भगवान विट्ठल का विख्यात मन्दिर यही है। यह मन्दिर बहुत प्राचीन है। पंढरपुर में आषाढ़ और कार्तक महीने की एकादशी को मेले लगते हैं। उस समय असंख्य भक्त पंढरपुर जाते हैं।





## इकाई-चार

8. निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं दस वाक्यों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 15

(i) शेतकरी शेत नांगरतो व बी पेरतो.

(ii) पाखरे दाणे टिपतात.

(iii) मराठी भाषा सोपी आहे.

(iv) तुम्ही पूजा केव्हाँ करता ?

(v) चांभार जोड़े बनवितो.

(vi) काल रविवार होता.

(vii) मांजर उंदिर धरते.

(viii) मिठाई गोड़ असते.

(ix) पोपट कच्चा पेरू खातो.

(x) त्या स्त्रिया काम करीत नाहीत.

(xi) गूळ स्वस्त असतो पण साखर महाग असते.

(xii) तू शाळेत जा.

(xiii) झाड़ा ची पाने हिरवी आहेत.

(xiv) या विहिरी चे पाणी चांगले आहे का ?

(xv) शिपाई देशाचे रक्षण करतात.

9. निम्नलिखित वाक्यांशों का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 15

एक होते तळे. त्यात होते बेडूक बाजूला होते मैदान तेथे मुले खेळत. खेळ म्हणून तळ्यात दगड़ फेकत. पाणी उंच उड़े. भुलांना गंमत वारे. दगड़ बेड़कांना लागत. असे रोज चाले बेडूक घाबरुन गेले. मग एक बेडूक पुढ़े आला मुलांना विचारु लागला, "तुम्ही दगड़ का मारता ?" मुले म्हणाली, "हा आमचा खेळ आहे." बेडूक म्हणाला, "तुमचा खेळ होतो, पण आमचा जीव जातो." मुलांना वाइट वाटले. भुलांनी दगड़ फेकणे सोडून दिले.

A

# A-197

## दक्षता प्रमाण-पत्र परीक्षा, 2013

### मराठी

### द्वितीय प्रश्न-पत्र

### (मराठी साहित्य)

समय : 3 घण्टे

पूर्णांक : 100

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । इसके अतिरिक्त प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : 40

(क) ''अण्णा एक दीपगृह'' पाठ के आधार पर संक्षेप में अण्णा के चरित्र की विशेषताएँ बताइये ।

(ख) "माणूस माझे-नाव" नामक कविता का भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) भारतीय स्वातन्त्र्य संग्रामाचे वैशिष्ट्य कोणते ? 'शांतते साठी' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(घ) सुख आणि दु:खाबाबत संदेश देताना व्यंगचित्राचा उपयोग करना करून घेतला आहे।

(ङ) "परस्पर विरोधी दोन संस्कृति मधील आपण दुवा आहोंत" ह्या म्हणव्यातून अण्णांना काय सुचवायचे आहे ?

(च) सन्त ज्ञानेश्वर की प्रमुख रचना 'ज्ञानेश्वरी' के विषय में संक्षेप में लिखिये।

(छ) "बहिणीची माया" कहानी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए।

(ज) 'ययाति' नामक उपन्यास के लेखक कौन हैं ? इस कृति के लिए उन्हें कौन-सा पुरस्कार मिला था ?

(झ) दलित साहित्य से क्या तात्पर्य है ?

(ञ) मराठी लोकनाट्य 'तमाशा' का संक्षिप्त परिचय दीजिये।





## इकाई-एक

2. निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 15

(क) गाड़ीवाट नसली तरी पाउल वाट का असेना, अण्णांना ती दिसली आणि आम्हां विद्यार्थांना त्यांनी त्या वाटेन नेलं ही पाउलवाट खाचखण्ठग्यांची होती वाटेत दगड़ टोळ होते. त्यातच आमच्या घरचं दरिद्रय ! आई बापांचा दुबळा संसार. ध्येयाची वाटचाल करत असताना पाउल वाटेवर सगळया अड़चणीय अड़चणी आल्या. पण अण्णांनी दाखवलेलं ध्येयशिखर आम्हाला ला पुढ़ं दिसत होतं त्याच. जोरावर आणि आशेवर आम्ही विद्याथी पुढ़ं चाललो होतो।

(ख) आवड़तो मज अपगट सागर
अथांग पाणी निळे
निळया जांभळया जण्ळत केशर
सायंकाळी मिळे
फेसफुलांचे सफेत शिंपिंत
वाटेवरती सडे
हजार लाटा नाटत येती
गात किनान्या कड़े।

3. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 15

(क) वर्तमान काळातील दु:ख अनेकदा आपणाला त्रासदायक होतें हे खरे आहे. पुष्कलदा ते असह्य वाटू लागते पण तीच तर आपली खरी परीक्षा आहे दु:खे येतात, ती आपली कसोटी पहाण्यासाठीच. त्या वेळी न डगमगणे हा तरखरा पुरुषार्थ. भट्टीतून तावून सुलाखून निघाल्या खेरीज सोन्याला तेज चढ़त नाही राकीचेघाव शिवाय दगड़ाला देवपण येत नाही. हे आपणाला माहीत नाही काय ? पैलू पाड़ल्या खेरीज़ हिन्याला सुद्धा किंमत येत नाहीं।

(ख) धन्य तेचि प्राणी क्षमा ज्याचे अंगी।

न भंगे प्रसंगी धैर्यबळा ।।

न म्हणे कोणासी उत्तम वाईट।

महत्त्व वरिष्ठ नसे जे थे ।।

अंतरी सबाह्य सरिखे निर्मळ।

हृदय कोमल गंगारूप ।।

तुका म्हणे काया कुखंडी तया।

ठेवीन मी पाया मस्तक हे ।।





## इकाई–दो

4. "हृदयाची श्रीमंती" नामक कहानी का सारांश लिखिये। 15

5. 'तुषांरांचे वैभव' नामक पाठ के आधार पर वृंदावन बाग का वर्णन कीजिए। 15

## इकाई–तीन

6. कविवर्य कुसुभाग्रज के काव्य की विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए। 15

7. संत तुकाराम के जीवन एवं कृतित्व का परिचय देते हुए उनके अभंगों की विशेषताएँ बताइये। 15

## इकाई–चार

8. मराठी कथा साहित्य का संक्षेप में परिचय दीजिये। 15

9. मराठी उपन्यास विधा का संक्षिप्त परिचय दीजिये। 15

A

# A-198

## दक्षता प्रमाण-पत्र परीक्षा, 2013

## तमिल

### प्रथम प्रश्न-पत्र

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 100

(ii) Sébastien a besoin qu'on l'aide dans son travail. Son père _____ (travailler).

(iii) Le riz doit cuire vingt mininutes. Je _____ (cuire)

(iv) L'aveugie ne peut pas traverser la rue. Un passant _____ (traverser)

*Unit-IV*

8. Utilisez en phrase : 3

(i) personne

(ii) rien

(iii) mes.

9. Faites des phrases avec : 3

(i) Chez

(ii) Laquelle

(iii) Mecontent.

A

# A-310

## Proficiency Examination, 2013

### FRENCH

### Paper-I

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 50*

*Note :* Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory and attempt *one* question from each Unit.

1. Reply the questions according to the instructions given below :

   Translate into English or Hindi (i–v) :

   (i) Valérie habite place Monge.

   Roland rencontre Nicolas Legrand.

   Sylvie comprendre l' anglais.

   (ii) Je voudrais un livre.

   Il ne sais pas.

   Elle chante bien.

(iii) Vous aimez le cinéma?

Oui, j'aime beaucoup le cinéma.

Elle préfère les discothéques.

(iv) Est-ce que vous travaillez?

Je suis en retard.

Roland chante bien.

(v) Paul Gomez est français. Il habite á Paris, 9, boulevard des Italiens et il est professeur d' espagnol. Il connait l'Espagne.

Translate into French (vi & vii) :

(vi) He is a doctor. He has a big car.

(vii) We can not speak French.

(viii) Décrivez votre famille en six phrases.

(ix) Décrivez votre maison en cinq phrases.

(x) Reply in French :

Comment tu t' appelle?

Où habites tu?





***Unit-I***

2. Translate into English or Hindi :

Paris. Au restaurant. Nicolas fait des projects de week-end.

Nicolas : Tu es libre dimanche?

Sylvie : Oui.

Nicolas : Qu'est-ce qu'on fait? Est-ce qu'on va á la campagne?

Sylvie : Je suis fatiguée. Je préfère rester á Paris.

Nicolas : Alors, voice le programme : une partie de tennis, un bon film, un bon restaurant, puis .... on va danser !

Sylvie : D'accord pour le cinema et le restaurant. Mais, pas d'accord pour le tennis et la discothèque!

Nicolas : Sylvie, tu n'est pas trèsamusante.

3. Translate into English or Hindi :

Dans un magasin du village.

Un garçon : Je voudrais un grand pantalon blanc.

La vendeuse : Quelle est ta taille?

Le garçon : Euh ...... Ce n'est pas pour moi.

Je voudrais une trè grande taille.

La vendeuse : Et vous, Madame, qu'est-ce que

vous désirez?

Mme Martin : Je voudrais du tissue pour faire des rideaux.

La vendeuse : Venez par ici. Regardez les couleurs.

La garçon : Je prends ce pantaloon. Je voudrais aussi deux metres de rubon rouge.

La vendeuse : Voilà. C'est tout?

Le garçon : Oui. Combien ça fait?

***Unit-II***

4. Translate into French :

He is a doctor. Sylvie has a big house. She is not going to Delhi. Lata Mangeshkar is a good singer. She knows English and Hindi. You are Indian. Do you watch TV? This car is red. What is this?

5. Translate into French :

Please, you speak in French. I do not know. He makes cake in the kitchen. Rakesh is going to Mumbai. Who is this? He has C.D. of songs. My





friend can speak French. He eats chocolate.

***Unit-III***

6. Write an essay on your house or city in French.

7. Write a piece of dialogue between two friends in French.

***Unit-IV***

Read the following passage carefully and reply the question 8 or 9 in French :

**Portrait par Valérie Florentini**

PORTRAIT

On connaît bien l'artiste. L'homme est different. Il a 27 ans. Il habite un grand apartment, boulevard Saint Michel et il adore le quatier. Il va beacoup au cinema et il aime bien les films de Truffaut. Mais c'est aussi un sportif. Il fait du tennis et du ski. La musique classique? Il ne déteste pas, mais il préfère le jazz et la chason.

8. Qui est Nicolas Legrand?

Quel est le titre de texte?

Quels sports fait-il?

9. Est-ce que Nicolas est un sportif?

Où est-ce qu'il habite?

Qui a écrit ce portrait?

A

# A-311(R)

## Certificate of Proficiency Examination, 2013

## FRENCH

### Paper-II

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks : 25*

*Note :* Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt at least *one* question from each Unit.

1. Mettez les verbs à la forme qui convient (i-iii) : 1×10

   (i) Nous (être) tous des poètes

   (ii) Il (habiter) à Paris

   (iii) Elle (aimer) la musique classique.

   Trouvez les questions (iv-vi):

   (iv) C' est Nicolas Legrand

   (v) J'aime le cinema

   (vi) C'est une table.

Faites des phrases avec (vii-viii) :

(vii) Notre

(viii) Leur

Remplacez les noms soulignés en utilisant les pronoms complements (ix-x) :

(ix) Vous devez singer ce contract.

(x) J'ai donné le livre à Marie.

*Unit-I*

2. Complétez avec ce, cet, cette, ces : 4

(i) N' allez pas voir ...... pièce de théâtre. Les acteurs ne sont pas bons.

(ii) J'ai un ami aux U. S. A. ........ ami habite New York.

(iii) Qui est .......... garçon ?

(iv) Je n' aime pas .......... livres. Ils sont ennuyeux.

3. Choisissez la preposition et mettez le verbe à la forme qui convient : 4

(i) Je (aller) .......... café.

(ii) Il (habiter) ....... Italie.

(iii) Elle (rester) ............ Paris.

(iv) Vous (être) .......... la compagne.





*Unit-II*

4. Complétez avec l' article qui convient : 4

(i) Au menu comme viands, il y a ....... .... poulet au riz.

(ii) Je n'aime pas beacoup .......... poulet.

(iii) Tu veux boire .......... bière ?

(iv) Non merci, je préfère ............. jus d'orange.

5. Completez en utilisant les prépositions : 4

(i) Le week-end, ils adorent aller...... compagne.

(ii) Est-ce que vous voulez venir ...... théâtre ?

(iii) Il est .......... le médicin.

(iv) Lisez le journal ............ étudiantes.

*Unit-III*

6. Completez avec de, du, de la, des : 4

(i) C'est la photo .......... Nicolas.

(ii) S'il vous plait! L'avenue......... Etats-Unis?

(iii) Le livre................ secretaire.

(iv) C'est la rue............... Cinéma Rex.

7. Répondez par une phrase negative : 4

(i) Est-ce qu' elle aime le sport ?

(ii) Est-ce qu'll y a des theaters dans le Sahara ?

(iii) Il a une voiture.

(iv) Aimez-vous beacoup la musique?

*Unit-IV*

8. Utilisez en phrase : 3

(i) Tout

(ii) Demain

(iii) Ses

9. Faites des phrases avec : 3

(i) Lequel

(ii) Laquelle

(iii) Ma.

A

# A-317

## B. A./B. Sc. (Semester-I) Examination, 2013

### PHYSICAL EDUCATION

### Paper–I

### (Foundation of Physical Education)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks* : { *B. A. 25* / *B. Sc. 50* }

*Note* : Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt *one* question from each Unit.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न कीजिए।

1. Write short notes on the following : 5/10

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) Objectives of Education

शिक्षा के उद्देश्य

(ii) Definition Pragmatism

प्रयोगवाद की परिभाषा

(iii) Aim of Physical Education

शारीरिक शिक्षा का ध्येय

(iv) Definition of growth and development.

वृद्धि एवं विकास की परिभाषा

(v) Importance of sports for the society.

समाज के लिए खेल का महत्व

*Unit-I*

**इकाई-I** 5/10

2. Define Education. Discuss the importance of education in Physical Education.

शिक्षा को परिभाषित कीजिए । शारीरिक शिक्षा में शिक्षा की महत्वता की विवेचना कीजिए ।

**Or/अथवा**

3. Define Physical Education. Explain why Physical Education is the need of modern society.

शारीरिक शिक्षा की परिभाषा दीजिए । आधुनिक समाज के लिए शारीरिक शिक्षा क्यों आवश्यक है, समझाइये ।





*Unit-II*

**इकाई-II** 5/10

4. What is Naturalism ? Establish the relationship between Naturalism and Pragmatism to Physical Education.

प्रकृतिवाद क्या है ? शारीरिक शिक्षा का प्रकृतिवाद एवं प्रयोगवाद से संबंध विस्थापित कीजिये ।

**Or/अथवा**

5. Idealism is deeply related with Physical Education. Explain with examples.

आदर्शवाद का शारीरिक शिक्षा से गहरा सम्बन्ध है । उदाहरणों सहित समझाइये ।

*Unit-III*

**इकाई-III** 5/10

6. Explain growth and development in detail.

वृद्धि एवं विकास को विस्तार से बताइए ।

**Or/अथवा**

7. Differentiate between Chronological, Anatomical and Physiological age.

तिथिक्रम आयु, शरीर-रचना आयु तथा क्रियाविज्ञान आयु में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

*Unit-IV*

**इकाई-IV**

8. Explain physical activities and sports as need of society. 5/10

शारीरिक क्रियाएँ एवं खेल समाज की आवश्यकता है । समझाइये ।

**Or/अथवा**

9. Define Sociology. Why knowledge of Sociology is important for Physical Education teacher ? Comment.

समाजशास्त्र को परिभाषित कीजिए । शारीरिक शिक्षा अध्यापक के लिए समाजशास्त्र का ज्ञान क्यों आवश्यक है ? समझाइये ।

A

# A-318

## B. A./B. Sc. (Part I) Examination, 2013

### PHYSICAL EDUCATION

### Paper–II

### (History of Physical Education)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks* : *B.A.*: 25, *B.Sc.*:50

*Note* : Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt *one* question from each Unit.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है । प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न कीजिए ।

1. Write short notes on the following : 5/10

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) Common Wealth Games

राष्ट्रमंडल खेल

(ii) Olympic flag

ओलम्पिक ध्वज

(iii) Lingiyad

लिंगीयाड

(iv) Nalanda period

नालन्दा काल

(v) Youth Hostel.

यूथ छात्रावास ।

*Unit-I*

**इकाई-I** 5/10

2. Write down the history of Greek.

ग्रीक के इतिहास को लिखिए ।

**Or/अथवा**

3. Write the contribution of Guts Muts in Physical Education.

गट्स मट्स के शारीरिक शिक्षा में योगदान को लिखिए ।





*Unit-II*

**इकाई-II** 5/10

4. Describe the contribution of L.N.C.P.E in Physical Education.

शारीरिक शिक्षा में एल.एन.सी.पी.ई. के योगदान का वर्णन कीजिए ।

**Or/अथवा**

5. Write an essay on H. V. P. Mandal.

एच.वी.पी. मंडल पर एक निबन्ध लिखिए ।

*Unit-III*

**इकाई-III** 5/10

6. Describe the history of Modern Olympic Games.

आधुनिक ओलम्पिक खेलों के इतिहास का वर्णन कीजिए ।

**Or/अथवा**

7. Describe the history of Common Wealth Games.

राष्ट्रमंडल खेलों के इतिहास को वर्णित कीजिए ।

## *Unit-IV*

## इकाई-IV

5/10

8. Write an essay on Netaji Subhash National Institute of Sports, Patiala ?

नेताजी सुभाष राष्ट्रीय क्रीड़ा संस्थान, पटियाला पर एक निबन्ध लिखिए ।

**Or/अथवा**

9. Write in detail the role of Physical Education in national integration.

राष्ट्रीय एकता में शारीरिक शिक्षा की भूमिका को सविस्तार लिखिए ।

A

# A-319

## B. A./B. Sc. (Part-I) Examination, 2013

## PHYSICAL EDUCATION

### Paper–III

### (Anatomy and Physiology in Physical Education)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks :* { *B. A. 25*, *B. Sc. 50* }

*Note* : Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt *one* question from each Unit.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न कीजिए।

1. Write short notes on the following : 5/10

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) Tissue

ऊतक

(b) Anatomy

शरीर-रचना विज्ञान

(c) Vital capacity

वाइटल कैपासिटी

(d) Cardiac cycle

हृदय चक्र

(e) Respiration.

श्वसन ।

*Unit-I*

**इकाई-I** 5/10

2. What is Physiology ? Discuss the importance of it in the field of physical education.

शरीर-क्रिया विज्ञान क्या है ? शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में इसके महत्व का वर्णन कीजिए ।

**Or/अथवा**

3. Describe the structure of the cell.

कोशिका की संरचना का वर्णन कीजिए ।





*Unit-II*

**इकाई-II** 5/10

4. Explain the classification of Bones of human body.

मानव शरीर की अस्थियों का वर्गीकरण समझाइये ।

**Or/अथवा**

5. Explain the classification of skeletal muscles.

माँसपेशियों के वर्गीकरण को समझाइये ।

*Unit-III*

**इकाई-III** 5/10

6. Illustrate the internal and external respiration in detail.

आन्तरिक एवं बाह्य श्वसन का विस्तारपूर्वक चित्रोल्लेख कीजिए ।

**Or/अथवा**

7. What are the organs involved in digestive system ? Explain.

पाचन तन्त्र में कौन-से सावयव सम्मिलित हैं ? उल्लेख कीजिए ।

*Unit-IV*

**इकाई–IV** 5/10

8. Draw a labelled structure of the heart.

हृदय की संरचना का चित्रोल्लेख कीजिए।

**Or/अथवा**

9. Discuss the functions of Blood.

रक्त के कार्यों की चर्चा कीजिए।

A

# A-320

## B. A./B. Sc. (Part-II) Examination, 2013

### PHYSICAL EDUCATION

### Paper–I

### (Health Education)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks :* { *B. A. 25* / *B. Sc. 50* }

*Note* : Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt *one* question from each Unit.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न कीजिए।

1. Write short notes on the following : 5/10

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(a) Dimensions of Health

स्वास्थ्य के कारक

(b) Nutrition

पोषण

(c) Hepatitis

हेपेटाइटिस

(d) AIDS

एड्स

(e) Lordosis.

लोर्डोसिस।

*Unit-I*

**इकाई–I** 5/10

2. Define Health. Explain the principles of health education.

स्वास्थ्य की परिभाषा दीजिए। स्वास्थ्य शिक्षा के सिद्धान्तों पर प्रकाश डालिये।

**Or/अथवा**

3. What is balanced diet ? Discuss the factors affecting balanced diet.

संतुलित आहार क्या है ? संतुलित आहार को प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए।





*Unit-II*

**इकाई–II** 5/10

4. Discuss the effects of Drugs and Tobacco on individual.

व्यक्ति पर ड्रग्स एवं तम्बाकू के प्रभाव का वर्णन कीजिए।

**Or/अथवा**

5. Write an essay on "Dopping in Sports".

"खेलों में डोपिंग" पर एक निबन्ध लिखिये।

*Unit-III*

**इकाई–III** 5/10

6. What is First Aid ? Describe the importance of First Aid in the field of Physical Education and Sports.

प्राथमिक उपचार क्या है ? शारीरिक शिक्षा एवं खेलों में प्राथमिक उपचार के महत्व का उल्लेख कीजिए।

**Or/अथवा**

7. "First Aid and sports injuries are two side of a coin." Comment.

"प्राथमिक उपचार एवं एथलेटिक चोटें एक सिक्के के दो पहलू हैं।" टिप्पणी कीजिए।

*Unit-IV*

**इकाई–IV** 5/10

8. What is communicable disease ? Explain its mode of transmission.

संक्रामक रोग क्या है ? संक्रामक रोग के प्रसार का वर्णन कीजिए ।

**Or/अथवा**

9. Give the meaning of posture. Discuss the causes of bad posture.

अंग-विन्यास का अर्थ बताइए । अशुद्ध अंग बताइए विन्यास के कारणों का उल्लेख कीजिए ।

A

# A-321

## B. A./B. Sc. (Part-II) Examination, 2013

### PHYSICAL EDUCATION

### Paper–II

### (Psychological Basic in Physical Education)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks :* { *B. A. 25* / *B. Sc. 50* }

*Note* : Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt *one* question from each Unit.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न सं० 1 अनिवार्य है। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न कीजिए।

1. Write short notes on the following : 5/10

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) Meaning of Psychology

मनोविज्ञान का अर्थ

(ii) Learning curve

सीखने का वक्र

(iii) Nature of learning
सीखने का स्वभाव

(iv) Fear
डर

(v) Anxiety.
चिन्ता।

*Unit-I*

**इकाई-I** 5/10

2. What is the need and importance of Sports Psychology? Explain.
खेल मनोविज्ञान की आवश्यकता एवं महत्त्व का उल्लेख कीजिए।

**Or/अथवा**

3. Discuss the relationship between Physical Education and Psychology.
शारीरिक शिक्षा और मनोविज्ञान में सम्बन्धों की विवेचना कीजिए।

*Unit-II*

**इकाई-II** 5/10

4. Write the meaning of growth and development and the factors affecting growth and development.
वृद्धि एवं विकास क्या हैं ? उन्हें प्रभावित करने वाले कारकों का विवरण दीजिए।





**Or/अथवा**

5. Write down the physical, mental, social and language developments during middle childhood.
मध्य बाल्यावस्था के दौरान शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं भाषा विकास का वर्णन कीजिए।

*Unit-III*

**इकाई-III** 5/10

6. Discuss the meaning and principles of Learning.
सीखना क्या है ? इसके सिद्धान्तों का उल्लेख कीजिए।

**Or/अथवा**

7. Write short notes on any two of the following :
निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिये :

(i) Conditioned reflex insight theory.
अनुबंधित अनुक्रिया का सिद्धान्त

(ii) Trial and error theory
प्रयास एवं त्रुटि का सिद्धान्त

(iii) Learning by immitation.
अन्तःदृष्टि या सूझ द्वारा सीखना।

*Unit-IV*

**इकाई-IV** 5/10

8. Explain the kinds of motivation and its role in physical education.
अभिप्रेरणा के प्रकार और शारीरिक शिक्षा में इसका महत्त्व लिखिये।

**Or/अथवा**

9. Discuss the meaning and definition of personality and the factors affecting it.

व्यक्तित्व का अर्थ एवं परिभाषा दीजिये । इसे प्रभावित करने वाले कारकों का वर्णन कीजिए ।

A

# A-322

## B. A./B. Sc. (Part-II) Examination, 2013

### PHYSICAL EDUCATION

### Paper–III

### (Care of Atheletic Injuries and Rehabilition)

*Time Allowed : Three Hours*

*Maximum Marks* : { *B.A.*:25 / *B.Sc.*:50 }

*Note :* Answer *Five* questions in all. Question No. 1 is compulsory. Attempt *one* question from each Unit.

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रश्न सं. 1 अनिवार्य है। प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न कीजिए।

1. Write short notes on the following : 5/10

निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) Sprain

मोच

(ii) Strain

खिंचाव

(iii) Contusion

कंट्यूजन

(iv) Infrared lamp

इन्फ्रारेड लैंप

(v) Strocking.

स्ट्रोकिंग।

*Unit-I*

**इकाई-I** 5/10

2. Write an essay on prevention of sports injuries.

खेलकूद में लगने वाली चोटों की रोकथाम पर विस्तार से लिखिए।

*Or*

**अथवा**

3. What is the difference between dislocation and fracture? Describe their immediate treatment.

अस्थि का टूटना व अस्थि का सरकना में क्या अन्तर है? दोनों के तत्काल उपचार के बारे में लिखिए।





*Unit-II*

**इकाई-II** 5/10

4. What is injury rehabilation and define the factors effecting rehabilation programme?

चोट पुनर्वास क्या है? इसको प्रभावित करने वाले कारकों का उल्लेख कीजिए।

*Or*

**अथवा**

5. Write about cold and hot therapy.

ठंडी व गर्म चिकित्सा के बारे में लिखिए।

*Unit-III*

**इकाई-III** 5/10

6. Give the definition and classification of therapeutic exercises.

उपचारीय व्यायाम की परिभाषा तथा वर्गीकरण लिखिए।

*Or*

**अथवा**

7. What is the difference between active exercise and passive exercise?

सक्रिय व्यायाम एवं निष्क्रिय व्यायाम में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

## *Unit-IV*

## इकाई-IV

5/10

8. What is sports massage and define the effect of massage on blood circulation?

   मालिश क्या है एवं मालिश का रक्त संचरण पर क्या प्रभाव पड़ता है?

***Or***

**अथवा**

9. Write short notes on any two massage techniques which are given below :

   नीचे दिए गए मालिश के प्रकारों में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

   (a) Strocking

   स्ट्रोकिंग

   (b) Pinching

   पिंचिंग

   (c) Rolling.

   रोलिंग।

A

# A-323

## बी० ए० (प्रथम) परीक्षा, 2013

(एक्जेम्पटेड ओल्ड कोर्स)

हिन्दी

प्रथम प्रश्न-पत्र

(मध्ययुगीन काव्य)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। इनमें से प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) कबीर के काव्य के माध्यम से 'अन्योक्ति' का सोदाहरण परिचय दीजिए।

(ख) 'पद्मावत' के नायक-नायिका किन-किन अलौकिक प्रतीकों का प्रतिनिधित्व करते हैं ? स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'साखी' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(घ) तुलसी की ब्रजभाषा रचनाओं के नाम लिखिए ।

(ङ) जायसी की चार कृतियों का नामोल्लेख कीजिए ।

(च) तुलसी के 'रामचरित मानस' की रचना किस शैली में की गई है ?

(छ) बिहारी का वह दोहा उद्धृत कीजिए जिससे प्रभावित होकर उनके आश्रयदाता राजा अपने कर्त्तव्यपालन में प्रवृत्त हुए ।

(ज) भूषण की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए ।

(झ) 'भ्रमरगीत' का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ञ) कबीर के काव्य में गुरु की महिमा स्पष्ट कीजिए ।

## इकाई-एक

2. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4×2=8

(क) कबीर सो धन संचिए जो आगै कूँ होइ ।
सीस चढ़ाए पोटली ले जात न देख्या कोइ ।।





कबीर कहा गरबियौ काल गहै कर केस ।
नाँ जाँणै कहाँ मारिसी कै घर कै परदेस ।।

(ख) सरवर तीर पदमिनी आई । खोंपा छोरि केस मुकलाई ।
ससिमुख, अंग मलयगिरि बासा । नागिन झाँपि लीन्ह चहुँ पासा ।।
ओनई घटा परी जब छाँहा । ससि कै सरन लीन्ह जनु राहाँ ।।
छपि गै दिनहिं भानु कै दसा । लेइ निसि नखत चाँद परगसा ।।
भूलि चकोर दीठि मुख लावा । मेघ घटा महँ चंद देखावा ।।
दसन दामिनी कोकिल भाखी । भौहैं धनुख गगन लेइ राखी ।।
नैन खँजन दुइ केलि करेहीं । कुच नारंग मधुकर रस लेहीं ।।

3. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4×2=8

(ग) तजौ मन, हरि विमुखनि कौ संग ।
जिनकैं संग कुमति उपजति है परत भजन में भंग ।
कहा होत पय पान कराएँ बिष नहि तजत भुजंग ।
कागहिं कहा कपूर चुगाएँ स्वान न्हवाएँ गंग ।

खर कौं कहा अरगजा लेपन, मरकट भूषन अंग ।

गज कौं कहा सरित अन्हवाएँ, बहुरि धरे वह ढंग ।

पाहन पतित बान नहिं बेधत, रीतो करत निषंग ।

सूरदास कारी कामरि पै, चढ़त न दूजौ रंग ।।

(घ) सिय राम स्सरूप अगाध अनूप विलोचन मीनन को जलु है ।

स्रुति रामकथा, मुख राम को नामु, हिए पुनि रामहि को थलु है ।।

मति रामहिं सों, गति रामहिं सों, रति सों रामहिं को बलु है ।

सबकी न कहै, तुलसी के मते, एतनो जग जीवन को फलु है ।।

## इकाई-दो

4. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4×2=8

(अ) बतरस-लालच लाल की मुरली धरी लुकाइ ।

सौंह करै भौंहनु हँसै, दैन कहै नटि जाय ।।

अनियारे दीरघ दृगनु, किती न तरूनि समान ।

वह चितवनि औरै कछू, जिहिं बस होत सुजान ।।





(ब) रावरे रूप की रीति अनूप नयो नयो लागत ज्यौं-ज्यौं निहारियै ।

त्यौं इन आँखिन बानि अनोखी अघानि कहूँ नहि आनि तिहारियै ।

एक ही जीव हुतौ सु तौ वार्‌यो सुजान संकोच औ सोच सहारियै ।

रोकी रहैं न, दहैं घनआनँद, बावरी रीझ के हाथन हारियै ।।

5. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4×2=8

(स) कारो जल यमुना को काल सों लगत आली

छाइ रह्‌यो मानो यह विष काली नाग को ।

बैरनि भई है कारी कोयल निगोड़ी यह

तैसो ही भँवर कारो बासी बन बाग को ।

भूषन भनत कारे कान्ह को बियोग हिये

सबै दुखदायी जो करैया अनुराग को ।

कारो घन घेरि घेरि मार्‌यो अब चाहत है

एते पर करति भरोसो कारे काग को ।।

(द) हीन भयें जल मीन अधीन, कहा कछु मो अकुलानि समानै।

नीर सनेही को लाय कलंक, निरास है कायर त्यागत प्रानै।

प्रीति की रीति सु क्यों समुझै, जड़ मीत के पानि परे को प्रमानै।

या मन की जु दसा 'घनआनँद', जीव की जीवनि जान ही जानै।।

## इकाई-तीन

6. कबीर की काव्यगत विशेषताओं पर एक अनतिदीर्घ निबन्ध लिखिए। 7

7. सूर के श्रृंगार-वर्णन की सहजता की विवेचना कीजिए। 7

## इकाई-चार

8. "भूषण वीर रस के अप्रतिम कवि हैं।" सोदाहरण प्रमाणित कीजिए। 7

9. बिहारी की समास-पद्धति का सोदाहरण निरूपण कीजिए। 7

A

# A-324

## बी० ए० (प्रथम) परीक्षा, 2013

**(एक्जेम्पटेड एवं ओल्ड कोर्स)**

**हिन्दी**

**द्वितीय प्रश्न-पत्र**

**(हिन्दी नाटक तथा निबन्ध साहित्य)**

**समय : तीन घण्टे**

**पूर्णाङ्क : 50**

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए जिनमें प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक इकाई से **एक** प्रश्न कीजिए।

1. निम्नलिखित सभी प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : 2×10=20

   (क) 'ध्रुवस्वामिनी' के चरित्र की चार प्रमुख विशेषतायें बताइये।

(ख) 'ध्रुवस्वामिनी' में कितने अंक हैं तथा द्वितीय अंक का प्रतिपाद्य क्या है ?

(ग) प्रसाद जी के चार नाटकों के नाम लिखिए।

(घ) 'ध्रुवस्वामिनी' नायिका प्रधान नाटक है या नायक प्रधान। सतर्क उत्तर दीजिए।

(ङ) शुक्ल युगीन किन्हीं चार निबन्धकारों के नाम बताइए।

(च) निबन्ध की उपयुक्त परिभाषा दीजिए।

(छ) हिन्दी निबन्ध साहित्य को कितने युगों में विभाजित किया गया है। उनका नामोल्लेख करते हुए आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के निबन्धों की दो विशेषतायें बताइये।

(ज) 'बसन्त आ गया है'-किस प्रकार का निबन्ध है तथा उसके रचनाकार का नाम बताइये।

(झ) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी की प्रमुख विशेषतायें बताइए।

(ञ) 'संवाद एकांकी के प्राण हैं'- इस कथन का तात्पर्य स्पष्ट कीजिए।





## इकाई-एक

2. निम्नलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) राजनीति ही मनुष्यों के लिए सब कुछ नहीं है। राजनीति के पीछे नीति से भी हाथ न धो बैठो, जिसका विश्वमानव के साथ व्यापक सम्बन्ध है। राजनीति की साधारण छलनाओं से सफलता प्राप्त करके क्षण भर के लिए तुम अपने को चतुर समझने की भूल कर सकते हो, परन्तु इस भीषण संसार में एक प्रेम करने वाले हृदय को खो देना, सबसे बड़ी हानि है।

(ख) आप धर्म के नियामक हैं। जिन स्त्रियों को धर्म-बन्धन में बाँधकर, उनकी सम्मति के बिना आप उनके सब अधिकार छीन लेते हैं, तब क्या धर्म के पास कोई प्रतिकार-कोई संरक्षण नहीं रख छोड़ते, जिससे वे स्त्रियाँ अपनी आपत्ति में अवलम्ब माँग सकें ? क्या भविष्य के सहयोग की कोरी कल्पना से उन्हें आप सन्तुष्ट रहने की आज्ञा देकर विश्राम ले लेते हैं ?

3. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग) अब मुझे कह लेने दीजिए बाबू जी ।...... ये जो महाशय मेरे खरीददार बन कर आये हैं, इनसे जरा पूछिए कि क्या लड़कियों के दिल नहीं होता ? क्या उनके चोट नहीं लगती ? क्या वे बस भेड़-बकरियाँ हैं, जिन्हें कसाई अच्छी तरह देख-भालकर खरीदते हैं ?

(घ) आत्म-चिन्तन में जो ऐश्वर्य है, वह इन तुच्छ भड़कीले वैभवों में नहीं है, और वह वैभव जो अपने साथ मृत्यु लिए हुए है । शत्रु के गुप्त-चरों और विष-कन्याओं पर विश्वास करने वाला सम्राट एक ही पदक्षेप में मृत्यु का आलिंगन उसी भाँति करता है जैसे एक ही उछाल में पतिंगा दीप-शिखा के भीतर जलती हुई मृत्यु में भस्म हो जाता है ।

## इकाई-दो

4. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) कवि स्वभाव से ही उच्छृंखल होते हैं । जी में आया तो राई को पर्वत कर दिया, जी में आया तो हिमालय की





तरफ भी आँख उठा कर न देखा । यह उच्छृंखलता या उदासीनता सर्वसाधारण कवियों में देखी ही जाती है, आदिकवि तक इससे नहीं बचे । क्रौंच पक्षी के जोड़े में से एक पक्षी का निषाद द्वारा वध किया गया देख जिस कवि-शिरोमणि का हृदय दुख से विदीर्ण हो गया, और जिसके मुख से 'मा निषाद' इत्यादि सरस्वती सहसा निकल पड़ी, वहीं पर दुख-कातर मुनि रामायण निर्माण करते समय एक नव-परिणीता दुखिनी वधू को बिल्कुल ही भूल गया । विपत्ति विधुरा होने पर उसके लिए अल्पादल्पतरा संवेदना तक उसने प्रकट न की ।

(ख) धन का जो लोभ मानसिक व्याधि या व्यसन के रूप में होता है उसका प्रभाव अन्तःकरण की शेष वृत्तियों पर यह होता है कि वे अनभ्यास से कुंठित हो जाती हैं । जो लोभ मान-अपमान के भाव को, करुणा और दया के भाव को न्याय-अन्याय के भाव को, यहाँ तक कि अपने कष्ट-निवारण या सुखभोग की इच्छा तक को दबा दे, वह मनुष्यता कहाँ तक रहने देगा ?

5. निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग) इष्टदेव की सिद्धि तर्क से नहीं प्रेम से होती है। इष्टदेव की भावना में चंचल मन के आगे भगवान का वह मंजुल मनोहर रूप रखा जाता है जिसे देखकर वह विवश होकर खुद ही भटकना छोड़ देता है। बाहर से जोर-जबर की जरूरत नहीं पड़ती। संसार का फिर उनके ऊपर कुछ असर नहीं रह जाता। इष्टदेव कर्त्ता, धर्ता, हर्ता सब कुछ होने के पहले इष्ट है, हमारी रूचि, प्रेम और लालसा पर अधिकार किये रहता है।

(घ) महीनों से मन बेहद उदास है। उदासी की कोई खास वजह नहीं, तबियत ढीली है, कुछ आसपास का तनाव, कुछ उनसे टूटने का डर, आकाश के नीचे भी खुलकर साँस लेने की जगह की कमी, जिस काम को कर मुक्ति पाना चाहता हूँ, उस काम में हजार बाधायें; कुल ले-देकर उदासी के लिए इतनी बड़ी चीज नहीं बनती। फिर भी रात-रात नींद नहीं आती। दिन ऐसे बीतते हैं, जैसे भूतों के सपनों की एक रील पर दूसरी चढ़ा दी गयी हो और भूतों की आकृतियाँ और डरावनी हो गयी हों।





## इकाई-तीन

6. नाट्य तत्त्वों के आधार पर 'ध्रुवस्वामिनी' नाटक की समीक्षा कीजिए। 7

7. एकांकी कला के आधार पर 'कौमुदी महोत्सव' अथवा 'स्ट्राइक' एकांकी का समीक्षात्मक मूल्यांकन कीजिए। 7

## इकाई-चार

8. निबन्ध के तत्त्वों के आधार पर 'कवियों की उर्मिला विषयक उदासीनता' निबन्ध की समीक्षा कीजिए। 7

9. हिन्दी निबन्ध साहित्य के विकास में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के योगदान पर प्रकाश डालिए। 7

A

# A-325

## बी. ए. (द्वितीय वर्ष) परीक्षा, 2013

(एक्जेम्पटेड ओल्ड कोर्स)

हिन्दी

प्रथम प्रश्न-पत्र

(आधुनिक हिन्दी काव्य)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । इनमें से प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । इसके अतिरिक्त चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से एक-एक प्रश्न का उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघूत्तर दीजिए : $2 \times 10 = 20$

(क) पाठ्यपुस्तक में संकलित 'पंचवटी' के अंश के आधार पर सीता और राम की एक-एक विशेषता का उल्लेख कीजिए ।

(ख) 'सिद्धि हेतु स्वामी गये' कविता के आधार पर यशोधरा की चार चारित्रिक विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए।

(ग) 'आँसू' के आलंबन पक्ष पर प्रकाश डालिए।

(घ) मैथिलीशरण गुप्त तथा जयशंकर प्रसाद रचित महाकाव्यों का नामोल्लेख कीजिए।

(ङ) निराला द्वारा रचित चार काव्य-कृतियों के नाम बताइए।

(च) 'सरोज स्मृति' कविता का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(छ) कवि पंत की दो काव्यगत विशेषताओं का उद्घाटन कीजिए।

(ज) महादेवी वर्मा के काव्य में छायावाद की चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(झ) 'नेता' कविता के निहितार्थ को स्पष्ट कीजिए।

(ञ) 'दिनकर' की कविताओं की चार विशेषताएँ बताइए।





## इकाई-एक

2. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) जागी किसकी वाष्पराशि, जो सूने में सोती थी ?
किसकी स्मृति के बीज उगे ये, सृष्टि जिन्हें बोती थी ?
अरी वृष्टि, ऐसी ही उनकी दया-दृष्टि रोती थी,
विश्व-वेदना की ऐसी ही चमक उन्हें होती थी।

(ख) और देखा वह सुन्दर दृश्य नयन का इंद्रजाल अभिराम।
कुसुम-वैभव में लता समान चंद्रिका से लिपटा घनश्याम।
हृदय की अनुकृति वाह्य उदार एक लंबी काया, उन्मुक्त,
मधु-पवन-क्रीड़ित ज्यों शिशु साल, सुशोभित हो सौरभ-संयुक्त।

3. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग) शुक, वह बाम कपोल चूम ले यह दक्षिण अवतंस हरे।
मेरा लोक आज इस लय में हो जावे विध्वंस हरे।
रहा सहारा इस अंधी का बस यह उन्नत अंस हरे।
मग्न अथाह प्रेम-सागर में मेरा मानस-हंस हरे।

(घ) देखती मुझे तू हँसी मन्द,

होठों में बिजली फंसी स्पन्द,

उर में भर झूली छवि सुन्दर,

प्रिय की अशब्द श्रृंगार-मुखर,

तू खुली एक-उच्छ्वास-संग,

विश्वास-स्तब्ध बंध अंग-अंग,

नत नयनों से आलोक उतर

कांपा अधरों पर थर-थर-थर।

## इकाई-दो

4. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(अ) जीवन मन के भेदों में सोयी मति को

मैं आत्म-एकता में अनिमेष जगाता

तम-पंगु, बर्हिमुख जग में बिखरे मन को

मैं अन्तर सोपानों पर ऊर्ध्व चढ़ाता।





(ब) आग हूँ जिसके ढुलकते बिन्दु हिमजल के,

शून्य हूँ जिसके बिछे हैं पांवड़े पल के,

पुलक हूँ वह जो पला है कठिन प्रस्तर में,

हूँ वही प्रतिबिम्ब जो आधार के उर में,

नील घन भी हूँ सुनहली दामिनी भी हूँ।

5. निम्नलिखित पद्यांशों की संदर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(स) फैला अपने मृदु स्वप्न-पंख

उड़ गयी नींद निशि क्षितिज पार,

अधखुले दृगों के कंज कोष-

पर छाया विस्मृति का खुमार,

रंग रहा हृदय ले अश्रु हास

यह चतुर चितेरा सुधि-विहान।

(द) दौड़ा देता हूँ तरल अग्नि नस-नस में,

रहने देता बल को न बुद्धि के बस में।

स्वर को कराल हुंकार बना देता हूँ,

यौवन को भीषण ज्वार बना देता हूँ।

**इकाई-तीन**

6. राष्ट्रीय कवि के रूप में मैथिलीशरण गुप्त का मूल्यांकन कीजिए। 7

7. "छायावाद की विशेषताएँ प्रसाद के काव्य में उत्कृष्टतम रूप में उपस्थित हैं।" इस कथन की समीक्षा कीजिए। 7

**इकाई-चार**

8. पंत प्रकृति के सुकुमार कवि हैं। सोदाहरण प्रमाणित कीजिए। 7





9. रहस्यवादी कवयित्री के रूप में महादेवी वर्मा के महत्त्व का मूल्यांकन कीजिए। 7

A

# A-326

## बी० ए० (द्वितीय) परीक्षा, 2013

(एक्जेम्पटेड/ओल्ड कोर्स)

हिन्दी

द्वितीय प्रश्न-पत्र

(हिन्दी कथा साहित्य)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

निर्देश : कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न करना है।

1. निम्नलिखित के लघु उत्तर लिखिए : 2×10=20

(क) प्रेमचंद की चार औपन्यासिक कृतियों के नाम लिखिए।

(ख) 'ग़बन' उपन्यास के उद्देश्य पर विचार कीजिए।

(ग) 'ग़बन' उपन्यास के वकील साहब की प्रमुख चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(घ) 'आकाशदीप' कहानी के शीर्षक की सार्थकता सिद्ध कीजिए।

(ङ) 'करवा का व्रत' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(च) 'चीफ़ की दावत' कहानी के शामनाथ के चरित्र पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(छ) 'वापसी' कहानी के माध्यम से लेखक क्या संदेश देना चाहता है ? स्पष्ट कीजिए।

(ज) 'बूढ़ी काकी' कहानी के प्रतिपाद्य पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

(झ) उपन्यास और कहानी में प्रमुख अन्तर रेखांकित कीजिए।

(ञ) प्रेमचंदोत्तर चार कहानीकारों के नाम लिखिए।





## इकाई-एक

2. निम्नलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) रमा ने फिर उसके हाथ से कागज छीनने की कोशिश न की। उसे जान पड़ा, आसमान फट पड़ा है, मानो भयंकर जंतु उसे निगलने के लिए बढ़ा चला आता है। वह धड़-धड़ करता हुआ ऊपर से उतरा और घर से बाहर निकल गया। कहाँ अपना मुँह छिपा ले ? कहाँ छिप जाय कि कोई उसे देख न सके ? उसकी दशा वही थी जो किसी नंगे आदमी की होती है। आह ! सारा परदा खुल गया। उसकी सारी कपट-लीला खुल गयी।

(ख) जोहरा उसके ऊपर झुकी उसे करुण, विवश, कातर निराश तथा तृष्णामय नेत्रों से देख रही थी। आज सालभर से उसने रतन की सेवा-सुश्रूषा में दिन को दिन और रात को रात न समझाया। रतन ने उसके साथ जो स्नेह किया था, उस अविश्वास और बहिष्कार के वातावरण में जिस खुले निस्संकोच भाव से उसके साथ बहनापा निभाया था, उसका एहसास वह और किस तरह मानती। जो सहानुभूति उसे जालपा से भी न मिली, वह रतन ने प्रदान की। दुःख और परिश्रम ने दोनों को मिला दिया। दोनों की आत्माएँ संयुक्त हो गईं।

3. निम्नलितिखत गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग) रूपा को अपनी स्वार्थपरता और अन्याय इस प्रकार प्रत्यक्ष रूप में कभी न दीख पड़े थे । वह सोचने लगी- हाय ! कितनी निर्दय हूँ । जिसकी सम्पत्ति से मुझे दो सौ रुपया वार्षिक आय हो रही है, उसकी यह दुर्गति ! और मेरे कारण ! हे दयामय भगवान ! मुझसे भारी चूक हुई है, मुझे क्षमा करो । आज मेरे बेटे का तिलक था । सैकड़ों मनुष्यों ने भोजन पाया । मैं उनके इशारों की दासी बनी रही । अपने नाम के लिए सैकड़ों रुपये व्यय कर दिए, परंतु जिसकी बदौलत हजारों रुपये खाये, उसे इस उत्सव में भी भर पेट भोजन न दे सकी । केवल इसी कारण तो, वह वृद्धा असहाय है ।

(घ) लाजो की कल्पना बावली हो उठी । वह सोचने लगी-मैं मर जाऊँ तो इनका क्या है, और ब्याह कर लेंगे । जो आएगी वह भी करवा का व्रत करेगी । अगले जनम में दोनों का इन्हीं से ब्याह होगा, हम सौतें बनेंगी । सौत का ख्याल उसे और भी बुरा लगा । फिर अपने आप समाधान हो गया-नहीं, पहले मुझसे ब्याह होगा, मैं मर





जाऊँगी तो दूसरे होगा । अपने उपवास के इतने भयंकर परिणाम की चिंता से मन अधीर हो उठा । भूख अलग व्याकुल किये थी । उसने सोचा मैं अपना अगला जनम भी क्यों बरबाद करूँ ? भूख के कारण शरीर निढाल होने पर भी खाने को मन नहीं हो रहा था, परन्तु उपवास के परिणाम की कल्पना से मन क्रोध से जल उठा, वह उठ खड़ी हुई ।

## इकाई-दो

4. निम्नलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(अ) मेहमान खाना खाकर एक-एक करके जा चुके थे । माँ दीवार से सटकर बैठी, आँखे फाड़े दीवार को देखे जा रही थी । घर के वातावरण में तनाव ढीला पड़ चुका था । मुहल्ले की निस्तब्धता शामनाथ के घर पर भी छा चुकी थी; केवल रसोई में प्लेटों के खनकने की आवाज आ रही थी । तभी सहसा माँ की कोठरी का दरवाजा जोर से खटकने लगा ।

(ब) नीली झील खामोश थी । किनारों पर गीली आँखों की तरह नमी थी और घास की टहनियाँ हवा के साथ धीरे-धीरे पानी को सहला रही थीं । नरकुल की लम्बी पत्तियाँ पक्षियों की कलगी की तरह काँप रही थीं और पानी में डुबी सिवार के सूतों से मछलियों के बच्चे कतरा-कतरा कर निकल रहे थे । वह किनारे आकर बैठ गया । पानी के नन्हें-नन्हें बबूले नीचे से ऊपर सतह तक आए, तो लगा किसी मछली ने मोती उगल दिये हों ।

5. निम्नलिखित गद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(स) हाँ ! यह जीना भी कोई जीना है ? निर्लज्जता है और थेथरई की भी सीमा होती है । पन्द्रह साल से वह गले में मृदंग लटका कर गाँव-गाँव घूमता है; भीख माँगता है । दाहिने हाथ की टेंढ़ी उँगली मृदंग पर बैठती ही नहीं । मृदंग क्या बजायेगा । अब तो धा तिग, धा तिग भी बड़ी मुश्किल से बजाता है । अतिरिक्त गाँजा-भाँग के सेवन से गले की आवाज विकृत हो गई है, किन्तु मृदंग बजाते समय विद्यापति की पदावली गाने की चेष्टा अवश्य करेगा ।





(द) गजाधर बाबू ने आहत दृष्टि से देखा । उन्होंने अनुभव किया कि वह पत्नी व बच्चों के लिए केवल धनोपार्जन के निमित्त मात्र हैं । जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नी माँग में सिंदूर डालने की अधिकारिणी है, समाज में उसकी प्रतिष्ठा है, उसके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने में सारे कर्तव्यों से छुट्टी पा जाती है । वह घी और चीनी के डिब्बे में इतनी रमी हुई है कि अब वही उसकी दुनिया बन गयी है । गजाधर बाबू उनके जीवन के केन्द्र नहीं हो सकते ।

## इकाई-तीन

6. 'ग़बन' उपन्यास के नायक की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । 7

7. कहानी के तत्त्वों की दृष्टि से 'करवा का व्रत' कहानी की समीक्षा कीजिए । 7

## इकाई-चार

8. हिन्दी कहानी के विकास में फणीश्वरनाथ 'रेणु' के योगदान पर प्रकाश डालिए। 7

9. वस्तु एवं शिल्प की दृष्टि से 'वापसी' कहानी के वैशिष्ट्य का विवेचन कीजिए। 7

A-326-8-7,000

A

# A-327

## बी० ए० (भाग-3) परीक्षा, 2013

**(एक्जेम्पटेड/ओल्ड कोर्स)**

**हिन्दी**

**प्रथम प्रश्न-पत्र**

**(अद्यतन हिन्दी काव्य)**

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । इनमें से प्रथम प्रश्न अनिवार्य है । इसके अतिरिक्त चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से **एक-एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए ।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) अज्ञेय की प्रमुख काव्य-कृतियों का नामोल्लेख कीजिए ।

(ख) प्रयोगवादी कविता की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ग) बिम्ब-विधान से क्या तात्पर्य है ?

(घ) धर्मवीर भारती के काव्य की प्रमुख दो विशेषतायें लिखिए।

(ङ) नागार्जुन जनवादी कवि कहे जाते हैं। क्यों ?

(च) भवानीप्रसाद मिश्र की रचना 'गीत फरोश' का केन्द्रीय भाव स्पष्ट कीजिए।

(छ) 'कहने दो उन्हें जो कहते हैं'– के प्रतिपाद्य को स्पष्ट कीजिए।

(ज) 'हमने पौधे से कहा' कविता का केन्द्रीय-भाव स्पष्ट कीजिए।

(झ) 'पराजित पीढ़ित का गीत' कविता का प्रतीकार्थ स्पष्ट कीजिए।

(ञ) 'लौटे टिकट मार के/आये दिन बहार के' इन पक्तियों में निहित व्यंग्य पर प्रकाश डालिए।





## इकाई-एक

2. निम्नलिखित पद्यांशों की संसदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क) दूर दूर दूर ....... मैं वहाँ हूँ।

यह नहीं कि मैं भागता हूँ :

मैं सेतु हूँ–

जो है और जो होगा दोनों को मिलाता हूँ–

मैं हूँ, मैं यहाँ हूँ,

पर सेतु हूँ, इसलिये

दूर दूर दूर ..... मैं वहाँ हूँ।

(ख) ओ मेरे घर

ओ हे मेरी पृथ्वी

साँस के एवज तूने क्या दिया मुझे

–ओ मेरी माँ ?

तूने युद्ध ही मुझे दिया

प्रेम ही मुझे दिया क्रूरतम कटुतम

और क्या दिया।

3. निम्नलिखित पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग) स्वेत-स्याम रतनार अंखियाँ निहार के
सिंडकेटी प्रभुओं की पगधूर झार के
लौटे हैं दिल्ली से कल टिकट मार के
खिले हैं दाँत ज्यों दाने अनार के
आये दिन बहार के ।

(घ) बहुत दिनों के बाद
अबकी मैं जी-भर सुन पाया
धान कूटती किशोरियों की कोकिल-कंठी तान
बहुत दिनों के बाद

**इकाई-दो**

4. निम्नलिखित पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(अ) तुम्हारे पास हमारे पास
सिर्फ एक चीज है –





ईमान का डंडा है,
बुद्धि का बल्लम है,
अभय की गेती है
हृदय की तगारी है–तसला है
नये-नये बनाने के लिए भवन
आत्मा के,
मनुष्य के,

(ब) कौन है जिसके लिये तुमने
महासागर की उत्तर भुजायें फैला दी हैं
कौन है जिसकी आत्मा को तुमने
फूल की तरह खोल दिया है
और कौन है जिसे
नदियों जैसे तरल घुमाव दे-दे कर
तुमने तरंग-मालाओं की तरह
अपने कण्ठ में, वक्ष पर, कलाइयों में
लपेट लिया है ।

5. निम्नलिखित पद्यांशों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(स) अंधेरा

पग ओर से बढ़ आयेगा

जब-तक शिखर दिखते रहेंगे।

सम्बन्ध-सी

यह टूटती ही जायेगी

(द) तो कम से कम करुणामय !

इतना तो दो ही वरदान

दो हमको फिर झूठे लक्ष्य

दो हमको फिर झूठे युद्धों का झूठा मैदान।

## इकाई-तीन

6. नई कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों को दृष्टि में रखकर नरेश मेहता के काव्य का मूल्यांकन कीजिए। 7

7. "अज्ञेय प्रयोगवाद के प्रमुख हस्ताक्षर हैं।" इस कथन की विवेचना कीजिए। 7





## इकाई-चार

8. भवानीप्रसाद मिश्र की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 7

9. शमशेर बहादुर सिंह के काव्य में बिम्ब प्रयोग की विशेषताओं की विवेचना कीजिए। 7

A

# A-329

## बी० ए० (भाग-3) परीक्षा, 2013

(एक्जेम्पटेड/ओल्ड कोर्स)

हिन्दी

तृतीय प्रश्न-पत्र

(आधुनिक ब्रजभाषा और अवधी काव्य)

समय : तीन घण्टे

पूर्णांक : 50

**निर्देश :** कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रथम प्रश्न अनिवार्य है। शेष चार इकाइयों में से प्रत्येक इकाई से एक-एक प्रश्न करना है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के लघु उत्तर दीजिए : 2×10=20

(क) रत्नाकर की दो रचनाएँ बताइए।

(ख) गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही' की दो रचनाओं के नाम लिखिए ।

(ग) भारतेन्दु के काव्य की प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

(घ) 'जुगुनू पियार के मारे ग्बड़न तर दिया जराबइ' का भाव स्पष्ट कीजिए ।

(ङ) 'धरती हमारि' कविता का मन्तव्य बताइए ।

(च) आक्रोश के पंजे, शम्बूक, प्रेम पचीसी और कुसुमांजलि रचनाओं के रचनाकारों का नाम लिखिए ।

(छ) 'दहेज की भ्याँट' कविता का सारांश लिखिए ।

(ज) 'फाटे कपरा ते फूटि परयि, सुन्दरापा केरि खानि स्यामा' का मन्तव्य बताइए ।

(झ) रमई काका के काव्य की चार प्रमुख विशेषताएँ बताइए ।

(ञ) 'चकल्लस' शीर्षक कविता का सारांश लिखिए ।





## इकाई-एक

2. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(क)

वह सुन्दर रूप बिलोकि सखी मन हाथ तें मेरे भग्यो सो भग्यो ।
चित माधुरी मूरति देखत ही हरिचंद जू जाय पग्यो सो पग्यो ।
मोहिं औरन सों कछु काम नहीं अब तौ जो कलंक लग्यो सो लग्यो ।
रंग दूसरो और चढ़ैगो नहीं अलि साँवरो रंग रँग्यो सो रंग्यो ।।

(ख)

नैननि के आगै नित नाचत गुपाल रहैं,
ख्याल रहैं सोई जो अनन्य–रसवारे हैं ।
कहै रत्नाकर सो भावना भरीयै रहैं
जाके चाव भाव रचैं उर मैं अखारे हैं ।
ब्रह्म हूँ भए पै नारि ऐसियै बनी जौ रहैं,
तौ तौ सहैं सीस सबै बैन जो तिहारे हैं ।
यह अभिमान तो गवैंहैं न गये हूँ प्रान,
हम उनकी हैं वह प्रीतम हमारे हैं ।

3. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(ग)

तजि लोक की लाज रहे हैं तऊ जग के अपवाद डरेई रहैं ।
चित आवै न चेत अचेत-से हैं अधरान पै आन धरेई रहैं ।
तरकी नहिं जात वियोग-बिथा बिन मीच ही हाय मरोई रहैं ।
कहिए केहि सों रहिये चुप है दिल में दुख दीह भरोई रहैं ।।

(घ)

काहू की नैकु अहै परवाह न,
संग रहै चरवाहन के हौं ।
सांची गुपाल कहैं हम तौ,
तुम जोग न नेह निबाहन के हौं ।
दाहिने है अब बाम भये,
धनस्याम भये कहा दाहन के हौ ।
आह कराह न बेधै तुम्हैं,
तुम आहन के हौ कि पाहन के हौ ।





## इकाई-दो

4. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(अ)

साथ की सबयि सूखी देही का
झुँकि-झुँकि चूमयि,
मुलु का कीटिव जतन किहें,
यह दी जामा हरियाइ रही ?
जब पांच भूत अपनी किरिया,
तो अलग-व्यलँग मे
पंछी पिंजरा छाँड़ि चला,
तब का जानी को कहाँ रही-
फिर कयिसि डार सिरसा वाली !

(ब)

रोय रहे सब भारतवासी हाय देस का को विश्वासी ।
कृषक श्रमिक विद्यार्थी तड़पैं, बढ़ै लूटि अफसर ऐय्यासी ।
नौकरशाही का थनु पकरै लटकि रही सरकार ।
वर्ष सैकरन चली लड़ाई, तब गण गौड़रि शाही आई ।
जो मिटिगे सो पनपि न पाये, तब लै मौत फेरि घिरि आई;
चौकस आधा देश बँटा जो रहा न रहने हार ।।

5. निम्नलिखित अवतरणों की ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 4+4=8

(स)

दादा के केतनेव बिरहन के खेतवा मां गूंज रहे हैं सुर ।
ई खेतवा मइहां चले-चले केतनिउ गोइन के घिसिगे खुर ।
पुरिखन की अडिग तपस्या ते खेतवा का कन-कन रीझा है ।
उनहिन के रकत पसीना ते खेतवा का कन-कन सीझा है ।

(द)

जेसे मन नगिचाइ तेही नगिचाइ,
अवर उपरफट्टू सब आवइ जाइ ।
अर्थावत अर्थावत अर्थ हेराइ,
सामुझि की घानी मां सबद पेराइ ।
सब दिनकेकरे जगमां जीतिन जीति ।
कओने धरे अहर्निस गीतिन गीति ।।

## इकाई-तीन

6. गयाप्रसाद शुक्ल 'सनेही' के कलापक्ष और भावपक्ष की विशेषताएँ बताइए । 7

7. "डॉ० जगदीश गुप्त की 'छन्दशती' आधुनिक ब्रजभाषा की विशिष्ट कृति है ।" उदाहरण द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए । 7





## इकाई-चार

8. "वंशीधर शुक्ल के काव्य में सामन्ती व्यवस्था के प्रति आक्रोश है ।" उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए । 7

9. "रमई काका के काव्य में प्रकृति-चित्रण की सहज व स्वाभाविक अभिव्यक्ति है ।" इस कथन की विवेचना कीजिए । 7